28 जून, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 248

पुरी और रांची में रथयात्रा की धूम, उमड़े श्रद्धालु




# अविराम ए ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशंस

मान्यता एवं संबद्धता R.U., N.P.U., J.A.C., P.C.I., N.C.T.E., J.N.R.C., I.N.C.

(अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान द्वारा संचालित)

वर्षों से उच्च शिक्षा में कार्यरत

टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चन्दवा, लातेहार (झारखंड)

## INC मान्यता प्राप्त नर्सिंग कॉलेज

B.Sc. Nursing एवं सभी कोर्स में अति न्यूनतम शुल्क एवं आसान किश्तें

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## NURSING & D. PHARMACY COURSES

INC से मान्यता प्राप्त
**बी.एससी. नर्सिंग (बेसिक)**
चार वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें जीव-विज्ञान वर्ग से इंटर पास बालक-बालिकायें

**ए. एन. एम. (नर्सिंग)**
दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें सभी वर्ग से इंटर पास बालिकायें

**डी. फार्मेसी**
दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें विज्ञान वर्ग से इंटर पास बालक/बालिकायें

प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है

## वर्ष 2025 हेतु प्रवेश फार्म उपलब्ध

स्थान सीमित

उपलब्ध सुविधाएं :
- छात्रवृत्ति, बस एवं छात्रावास
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- प्लेसमेंट सुविधा
- प्रतिष्ठित अस्पतालों में प्रशिक्षण सुविधा

## B.Ed. & D.El.Ed. Courses

**डी.एल.एड.**
दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें, सभी वर्ग से इंटर पास बालक-बालिकाओं के प्रवेश हेतु आवेदन फार्म उपलब्ध
2025 तक
प्रवेश परीक्षा में
उत्तीर्ण 100 क्रमांक वालों को प्रवेश लेने पर मिलेगी छूट।

**बी.एड.**
दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश लें सभी वर्ग से स्नातक पास बालक-बालिकायें कांउसिलिंग में प्रथम स्थान पर चुनें
JCECEB ऑनलाईन फार्म भरे
2025 तक
प्रवेश परीक्षा तिथि- 2025 तक








अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में **डी0एल0एड0 कोर्स 2025-2027** के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

**नामांकन हेतु आज ही संपर्क कीजिए :- 7782054270, 9570222160, 8864004304**

Website : www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com • E-mail : bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

## URGENT REQUIREMENT

**अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) :** शिक्षा के परिप्रेक्ष्य-2, पाठ्यचर्चा तथा शिक्षण शास्त्रीय पाठ्यक्रम-3. निष्पादन कलायें-1. दृश्य कलायें-1, पुस्तकालयाध्यक्ष-1, कंप्यूटर लैब असि.-1

**अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन (डी.एल.एड.) :** विभागाध्यक्ष-1, शिक्षा के आधार परिप्रेक्ष्य-3, गणित-2, भाषाएं-1, मानविकी और समाज विज्ञान-3

Note : Eligibility and salary will be as per NCTE and State Govt. Norms.
Send your resume within one week of publication of vacancy email: pratimat063@gmail.com, WhatsApp: 7782054270

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में इंडिया ब्लॉक के सामने दावों का बड़ा अवरोध

## ■ कांग्रेस ने 90 सीटों पर दावा कर बढ़ा दिया गठबंधन का सिरदर्द
## ■ वाम दलों और अन्य पार्टियों ने भी ठोका है अपना-अपना दावा
## ■ इसलिए हकीकत से दूर, फसाने पर टिकी है इंडिया ब्लॉक की धुन

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार में अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में अंदरूनी खींचतान तेज हो गयी है। सीट शेयरिंग फाइनल होने से पहले ही घटक दलों ने सीटों को लेकर अपनी-अपनी मांगें सामने रख दी हैं। कांग्रेस ने जहां 90 सीटों पर दावा किया है, वहीं वाम दलों की प्रमुख पार्टी भाकपा माले ने 45 सीटों पर दावेदारी ठोंकी है। उधर इंडिया ब्लॉक की नयी सहयोगी, विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) ने 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है और कहा है कि वह इससे कम पर नहीं मानेगी। कांग्रेस ने तो साफ कर दिया है कि वह राजद द्वारा तय फॉर्मूले पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि इस बार उसकी स्थिति पहले से ज्यादा मजबूत है। पार्टी का कहना है कि वह राज्य में एक निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है। इससे सीट बंटवारे को लेकर तेजस्वी यादव पर दबाव और बढ़ गया है। जहां तक बिहार में पिछले प्रदर्शन का सवाल है, तो 2020 में महागठबंधन ने वीआइपी को छोड़कर चुनाव लड़ा था, जिसमें राजद ने 144, कांग्रेस ने 70, भाकपा माले ने 19, भाकपा ने छह और माकपा ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। हालांकि, महागठबंधन को केवल 110 सीटों पर जीत मिली और वह सत्ता से बाहर रह गया। राजद ने 75, कांग्रेस ने 19 और माले ने 12 सीटें जीती थीं। इस बार सहयोगियों के दावे को राजद कैसे सुलझायेगा और इंडिया गठबंधन एकजुट रह सकेगा या नहीं, यह बड़ा सवाल है। क्या है इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का पेंच और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गहमागहमी जारी है। इस वर्ष के अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनाव में यहां विपक्षी इंडिया गठबंधन (राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) और वीआइपी) की सीधी सियासी लड़ाई सत्ताधारी राजग (जदयू, भाजपा, लोजपा (आर), हम और रालोमो) से प्रतीत हो रही है। कहा जा रहा है कि बिहार में विपक्ष के संघर्ष की दिशा हकीकत से दूर और फसाने के करीब दिख रही है। अभी वक्त है। इसलिए दिशा में बदलाव भी संभव है।

### सीट शेयरिंग की हकीकत और घटक दलों का फसाना

इंडिया गठबंधन में सबसे अधिक मुसीबत सीट शेयरिंग को लेकर है। गठबंधन का नेतृत्व कर रहे राजद ने कम से कम 150 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का मन बनाया है। बिहार में विधानसभा की कुल 242 सीटें हैं। राजद के दावे के बाद कुल 92 सीटें ही बचती हैं, जो घटक दलों को दी जानी हैं। राजद ने जो फॉर्मूला तय किया है, उसके अनुसार कांग्रेस को 70 और वाम दलों को 20 सीटें दी जायेंगी, जबकि नयी सहयोगी मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी को अधिकतम पांच सीटें दी जा सकती हैं। उस स्थिति में राजद 147 सीटों पर मान सकता है। लेकिन अब कांग्रेस ने कहा है कि वह 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि वाम दलों ने 45 और वीआइपी ने 60 सीटों पर दावा ठोका है। कांग्रेस ने कहा है कि इस बार उसकी तैयारी अच्छी है और वह पिछली बार से अच्छा प्रदर्शन करेगी।

### क्या है वर्तमान स्थिति

बिहार विधानसभा में इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक राष्ट्रीय जनता दल के 77 विधायक हैं। अपनी अनूठी संवाद शैली के लिए पहचाने जाने वाले लालू प्रसाद की पार्टी इस बार राज्य में 155-165 सीट पर चुनाव लड़ सकती है। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शायद यही वजह है कि पार्टी ने अति पिछड़ी जाति के वरिष्ठ नेता मंगनी लाल मंडल को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। जानकार बताते हैं कि राजद की इस तैयारी की काट के लिए राजग भी धरातल पर डटा हुआ है। राजद जिन मुद्दों के सहारे मैदान में उतरने की तैयारी में है, वह हकीकत से परे है, जबकि भाजपा अलग रणनीति पर काम कर रही है। राजद का अभियान आमजन से जुड़ना और मतदान के लिए तैयार करना है। इसके लिए राजद के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक लगातार काम कर रहे हैं। पार्टी का मानना है कि उसकी रणनीति अभेद्य है। इसे समझना अन्य दलों के वश की बात नहीं।



### राजद के बिना कांग्रेस के अस्तित्व पर संकट

इंडिया गठबंधन की दूसरी मुख्य घटक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है। बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं। यह वही कांग्रेस है, जिसका 90 के दशक से पूर्व बिहार में एकछत्र राज हुआ करता था। परिस्थितियां बदलीं और इसका जनाधार सिमटता चला गया। आज इसकी सियासी कहानी बदल चुकी है। स्थिति यह है कि राज्य में बिना राजद के कांग्रेस के अस्तित्व पर संकट सा दिखने लगता है। हालांकि हाल के दिनों में पार्टी ने कुछ प्रयोग किये हैं, लेकिन आत्मविश्वास अब भी कम ही है। बिहार में अन्य अभियानों के अलावा कांग्रेस माई-बहिन मान योजना पर ध्यान केंद्रित किये हुए हैं। इसके तहत पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं से प्रपत्र भरवा रहे हैं। पार्टी को भरोसा है कि प्रपत्र भरने वाली महिलाएं उन्हें वोट देंगी। राजनीति को समझने वाले कहते हैं कि बदले हालात में आक्रामकता जरूरी है, जो कांग्रेस के अभियान में नहीं दिख रहा। पार्टी का कहना है कि परिणाम इस बार अप्रत्याशित होगा। केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में स्थानीय कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लायेगी।

### वामदलों के पास कुल 15 विधायक

अब बात बिहार में इंडिया गठबंधन के घटक वाम दलों की। यहां भाकपा (माले) के 11 और भाकपा और माकपा के दो-दो विधायक विधानसभा में हैं। इस प्रकार वाम दलों के पास कुल 15 विधायक हैं। यहां भाकपा (माले) बिहार में जनाधार की बदौलत अपनी आक्रामकता के लिए पहचानी जाती है। हालांकि पूरे बिहार में उसका असर नहीं है, लेकिन जहां भी मौजूदगी है, वहां ठीक-ठाक है। पार्टी को विस्तार देने के लिए संगठन में लगातार काम चल रहा है। इन तीनों दलों के नेता भी अपनी समृद्धशाली सियासी अतीत की ओर लौटने की कोशिश में हैं। वाम दलों के हौसले इस बार पहले से अधिक बुलंद हैं। ये तीनों दल इस बार 45 सीटें मांग रहे हैं।

### 60 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रहे मुकेश सहनी

वीआइपी के मुखिया मुकेश सहनी हैं। पिछले चुनाव में उनकी पार्टी के तीन विधायक चुने गये थे। बाद में तीनों ने उनका साथ छोड़ दिया। फिलहाल वीआइपी का एक भी सदस्य विधानसभा में नहीं है। हालांकि तैयारियां जबरदस्त हैं। अपनी तैयारियों के बल पर मुकेश सहनी इस बार 60 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। हालांकि उन्हें पता है कि इतनी सीटें नहीं मिलेंगी। फिर भी मुंह खोलने में क्या दिक्कत है। बताते हैं कि मुकेश सहनी इंडिया गठबंधन की कमजोर कड़ी हैं।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों के इन दावों के बीच अब सबसे बड़ी चुनौती राजद के सामने है। पार्टी ने तेजस्वी यादव के लिए अपना सब कुछ झोंकने की तैयारी की है। ऐसे में सहयोगी दलों के दावों का बोझ वह कितनी दूर तक ढो सकेगी, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा। फिलहाल तो इंडिया गठबंधन का सामूहिक नेतृत्व सब कुछ ठीक होने का दावा कर रहा है, लेकिन इस दावे में आत्मविश्वास की कमी साफ दिखाई दे रही है।

# शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर की गयी पूजा-अर्चना

## भगवान जगन्नाथ से जल्द स्वस्थ होने की कामना की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो नेता और कार्यकर्ता शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। पार्टी के नेता मनोज पांडेय सहित कई कार्यकर्ताओं ने भगवान जगन्नाथ से शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में इलाज चल रहा है।



शिबू सोरेन रूटीन चेकअप के लिए दिल्ली गये थे, लेकिन अस्पताल में उनकी तबीयत बिगड़ गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत परिवार के अन्य सदस्य भी दिल्ली में हैं और शिबू सोरेन की तबीयत को लेकर चिंतित हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में शिबू सोरेन से मुलाकात की थी और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी अपने पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं और दिल्ली में ही रुके हुए हैं। जिसके चलते हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची नहीं आ सके और ऐतिहासिक रथ यात्रा में शामिल नहीं हो सके।

# 3 महीने तक बंद रहेगा बेतला पार्क और पीटीआर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मानसून में थमेगी जंगल की रौनक, 1 जुलाई से 31 सितंबर तक प्रतिबंध**

**रांची।** झारखंड का एकमात्र टाइगर रिजर्व, पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) और इसके तहत आने वाला बेतला नेशनल पार्क एक जुलाई से पर्यटकों के लिए बंद हो जायेगा। यह प्रतिबंध 31 सितंबर तक जारी रहेगा। बरसात के इन तीन महीनों में किसी भी तरह की पर्यटन गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। वन विभाग ने यह निर्णय जंगल की जैव विविधता की सुरक्षा और वन्य जीवों के स्वाभाविक जीवन-चक्र को ध्यान में रखते हुए लिया है। जुलाई से सितंबर का समय बाघों और अन्य जंगली जीवों के प्रजनन का प्रमुख काल होता है। विभाग का मानना है कि पर्यटकों की आवाजाही इस प्राकृतिक प्रक्रिया में बाधा बन सकती है। पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना के मुताबिक, यह समय वन्यजीवों की दृष्टि से संवेदनशील होता है। शांत वातावरण में ही उनका प्रजनन सहज रूप से हो सकता है। इसी कारण पर्यटन गतिविधियां रोकी जाती हैं। मानसून के दौरान जंगल के भीतर नदी-नाले उफान पर होते हैं। कई जगहों पर रास्ते टूट जाते हैं, जिससे पर्यटकों की सुरक्षा में बाधा आती है। वन विभाग के लिए इन हालातों में निगरानी और बचाव प्रबंधन कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में रिजर्व क्षेत्र में विशेष गश्ती दलों की तैनाती की जायेगी, जो वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

# झारखंड में उर्दू शिक्षकों के लिए 7232 पद होंगे सृजित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में उर्दू शिक्षकों के लिए 7232 पद सृजित किये जायेंगे। इसकी अनुशंसा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुए प्रशासी पदवर्ग समिति ने की है। इस समिति के सदस्य विकास आयुक्त, कार्मिक सचिव, वित्त सचिव और योजना विकास विभाग के सचिव हैं। इसके तहत प्रारंभिक विद्यालय में उर्दू के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 5478 पद और मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1754 पद सृजित किये जायेंगे। प्रशासी पदवर्ग समिति ने उर्दू सहायक शिक्षक के पूर्व से सृजित एवं रिक्त कुल 3712 पदों को सरेंडर करने की अनुशंसा की है। प्रस्तावित पदों का सृजन चरणबद्ध किया जायेगा। प्रथम चरण में 60 प्रतिशत पदों यानि इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 3287 पद और स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद, कुल 4339 पदों का सृजन किये जायेंगे।

इन अनुशंसित पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात प्रशासी विभाग शेष बचे 40 प्रतिशत पदों के सृजन का प्रस्ताव प्रशासी पदवर्ग समिति के विचारार्थ प्रस्तुत करेंगे। सृजित पदों के लिए झारखंड प्रारंभिक विद्यालय सहायक आचार्य (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2022 (यथा संशोधित) द्वारा स्वीकृत पे-लेवल (वेतनमान/ग्रेड पे) अंतिमरूपेण प्रभावी होगा।

### 21 मोटरयान निरीक्षक के पद होंगे सृजित

प्रशासी पदवर्ग समिति ने परिवहन निदेशालय के अंतर्गत मोटरयान निरीक्षक का 21 पदों के सृजन की स्वीकृति की अनुशंसा की है। सृजित पदों के लिए झारखंड मोटरयान निरीक्षक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियमावली, 2010 द्वारा स्वीकृत वेतनमान/ग्रेड पे अंतिमरूपेण प्रभावी होगा। वहीं झारखंड पंचायत राज स्वशासन परिषद के कार्यों के निष्पादन के लिए विभिन्न पदों के सृजन की स्वीकृति की अनुशंसा की है।

# सदर अस्पताल में लगेगी ब्रेस्ट कैंसर की जांच करने वाली मैमोग्राफी मशीन

## आयुष्मान लाभार्थियों को निःशुल्क सेवा मिलेगी







**रोटरी क्लब ऑफ रांची की ओर से प्रोजेक्ट आरोग्यम-बैटलिंग ब्रेस्ट कैंसर के तहत यह मशीन लगायी जा रही है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रोटरी क्लब की ओर से सदर अस्पताल रांची में 30 जून को अत्याधुनिक डिजिटल मैमोग्राफी मशीन वीनस डीआरवी प्लस लगायी जायेगी। उक्त जानकारी शुक्रवार को रोटरी क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता क्लब के प्रवक्ता प्रवीण राजगढ़िया ने दी। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ रांची की ओर से प्रोजेक्ट आरोग्यम-बैटलिंग ब्रेस्ट कैंसर के तहत यह मशीन लगायी जा रही है। इसमें दक्षिण कोरिया के रोटरी क्लब सुवोन-नोसोंग डी-3750 का भी सहयोग मिला है। मशीन की कीमत लगभग 45 लाख रुपये है। रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने बताया कि इस मशीन लगने के बाद सदर अस्पताल में ब्रेस्ट कैंसर जांच की सुविधा काफी कम दर पर उपलब्ध होगी। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ एक मशीन स्थापित करना नहीं है, बल्कि महिलाओं को समय पर जांच के लिए प्रोत्साहित करना और स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि मशीन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीजी रोटेरियन बिपिन चाचन, फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार करेंगे। इस प्रोजेक्ट को मदद करने वालों में रोटेरियन विपिन चाचन, सुरेश साबू, बिनोद सरावगी, रविंदर सिंह चड्ढा, सुमित अग्रवाल, रमेश धरणीधरका, ललित त्रिपाठी, पवन जायसवाल, आदित्य मल्होत्रा, राजेश नाथ शाहदेव सहित अन्य शामिल हैं।

### 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को कैंसर का खतरा

**40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर का जोखिम अधिक होता है। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान से न केवल इलाज आसान होता है, बल्कि जान भी बचायी जा सकती है। मैमोग्राफी एक प्रभावी तकनीक है। इससे छोटी से छोटी गांठ, ऊतक में बदलाव या असामान्य संरचना का पता क्लीनिक लक्षणों के प्रकट होने से पहले लगाया जा सकता है। यह सुविधा स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच और रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान देगी।**

28 जून, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 248

राजनाथ सिंह ने तनाव कम करने के लिए चीन को सुझाये चार विकल्प






# पुरी और रांची में रथयात्रा की धूम, उमड़े श्रद्धालु

- भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ खींचे गये
- पुरी में रात होने के कारण रुकी यात्रा, आज फिर शुरू होगी
- रांची में मौसीबाड़ी गये भगवान जगन्नाथ, पांच जुलाई को लौटेंगे

**रांची/पुरी (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गयी है। इसे 'पहांडी' अनुष्ठान कहा जाता है। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा जुलूस में शामिल होने के लिए पुरी में जुटे हैं। भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को 12वीं शताब्दी के मंदिर से पहांडी में बिठाकर मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े उनके संबंधित रथों तक ले जाया जाता है। इस दौरान भव्य जुलूस निकलता है। सिंह द्वारा से भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और महाप्रभु जगन्नाथ के रथों को खींचकर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाता है, जो पुरी जगन्नाथ मंदिर से लगभग 2.6 किलोमीटर दूर है। गुंडिचा मंदिर महाप्रभु जगन्नाथ, उनके भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की मौसी का घर माना जाता है। इधर, झारखंड के रांची में भी रथयात्रा की धूम है। जगन्नाथपुर मंदिर क्षेत्र में भक्तों का सैलाब जुटा। यहां भी भक्तों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ को खींचा और उन्हें मौसीबाड़ी तक ले गये।

## भक्तों ने सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ खींचा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/पुरी।** पुरी में शुक्रवार शाम पूरे विधि विदान के साथ रथयात्रा का शुरू हुई। सुबह मंगल आरती और विधि विधान पूजा के बाद भगवान जगन्नाथ को नंदी घोष रथ, देवी सुभद्रा को दर्पदलन और बलभद्र को तालध्वज रथ पर विराजित किया गया है। रथ पर भगवान की विधिवत पूजा और भोग हुआ। दोपहर 3 बजे पुरी राजपरिवार के गजपति दिव्य सिंह देव ने रथ के आगे सोने के झाडू से बुहारा लगाकर रथ यात्रा की शुरुआत की।

सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ भक्तों ने खींचा। कुछ दूर खींचने के बाद रथ को विश्राम दिया गया है। देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का रथ कुछ दूरी तक ही खींचा गया। ये दोनों रथ मंदिर के पास ही खड़े हैं।

रथ यात्रा अब अगले दिन शुरू होगी, क्योंकि सूर्यास्त के बाद रथ नहीं खींचे जाते। यह रथ यात्रा शनिवार को गुंडीचा मंदिर पहुंचेंगी। इसके बाद 9 दिन तक भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के यहां गुंडीचा मंदिर में ठहरेंगे। उनके साथ सुभद्रा और बलभद्र भी रहेंगे। 5 जुलाई को भगवान वापस मुख्य मंदिर लौट आयेंगे।

वहीं, पुरी में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच लगभग 1500 भाजपा युवा मोर्चा स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक सेवा के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित करते हुए एंबुलेंस के लिए रास्ता सुनिश्चित करने के लिए मानव श्रृंखला बनायी।

## ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को रथयात्रा के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत जनसैलाब उमड़ा। पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रथ को खींचने के लिए हर कोई उत्साहित था। भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा मंदिर परिसर से विधिपूर्वक निकाली गयी। रथ खींचने और भगवान के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिभाव और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। शुक्रवार सुबह पांच बजे से ही पूजा-अर्चना शुरू हुई। सुबह से ही श्रद्धालु आने लगे थे। दोपहर बाद सबसे पहले भगवान गरुड़ की प्रतिमा को मंदिर से बाहर लाया गया। इसके बाद विशेष विधि-विधान के साथ भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को पुजारियों द्वारा बाहर लाया गया। ढोल-नगाड़ों, भेर और शंखध्वनि के बीच तीनों विग्रहों को भक्तों के जयघोष के साथ रथ पर विधिपूर्वक विराजमान कराया गया। मंदिर से लगभग 200 मीटर दूर एक विशाल रथ खड़ा था, जहां भक्तों की जय-जयकार और पारंपरिक संगीत की गूंज के बीच भगवान की प्रतिमाओं को रथ तक ले जाकर स्थापित किया गया। वहां लगभग एक घंटे तक मंत्रोच्चार और विशेष पूजन हुआ. इसके बाद जैसे ही रथयात्रा प्रारंभ हुई।



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर किया भावुक पोस्ट



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर वर्ष रथयात्रा में शामिल होते थे। इस वर्ष वह शामिल नहीं हो सके। इसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट किया है। हेमंत ने लिखा है कि 'आज महाप्रभु भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का ऐतिहासिक और पावन महापर्व होता है। हर साल मैं वहां उपस्थित होता था। अभी आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी अस्वस्थ हैं, इसलिए मैं रथयात्रा में शामिल नहीं हो पाया हूं। भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि गुरुजी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच आयें और हमेशा की तरह अपना आशीर्वाद बनायें रखें। भगवान जगन्नाथ सभी का कल्याण करें, धन्यवाद, जोहार !'

## लातेहार में अवैध कोयला लदे दस हाइवा जब्त, चार चालक गिरफ्तार

- अवैध कोयला लेकर झारखंड-बिहार बॉर्डर पर ले जाया जा रहा था
- डीएफओ ने छापेमारी के दौरान पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार में कोयला तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की की गयी। बालूमाथ थाना क्षेत्र का मगध संघ मित्रा कॉल माइंस से अवैध कोयला झारखंड बॉर्डर पर बने डिपो ले जाया जा रहा था। रास्ते में वन विभाग की टीम ने उन्हें दबोच लिया। टीम ने जब चोलकों से कोयला और वाहन के कागजात मांगे तो वह दिखा नहीं पाये। इसबीच अंधेरे का फायदा उठा कर हाइवा के छह चालक भागने में कामयाब हो गये। जबकि चार चोलकों को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी 10 हाइवा को जब्त कर लिये गये। वहीं पांच अन्य संदिग्ध लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।



जानकारी के अनुसार लातेहार क्षेत्र में कोयले के काला कारोबार की जानकारी चतरा डीएफओ मुकेश कुमार को मिली। एक टीम गठित कर चतरा वन विभाग कार्यालय के समीप जिला वन क्षेत्र पदाधिकारी ने दस हाइवा को रोक कर जांच प्रारंभ किये। इसी बीच छह चालक अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में सफल हो गये। उसके बाद से माफियों में हड़कंप मच गया है। उधर, वैगनआर गाड़ी से हाइवा का स्कॉर्ट कर रहे युवक अमन कुमार, कलाम अंसारी, अनुज कुमार और पंकज कुमार को भी हिरासत में लिया गया है। सभी बालूमाथ और लोहरदगा के रहने वाले हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। मगध संघमित्रा के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने फोन पर कहा कि जो भी हाइवा पकड़ा है और जो भी लगो पकड़े गये हैं, उन पर मामला दर्ज हो। उसकी सही तरीके से जांच हो। इसके अलावा जो लोग इसमें शामिल हैं, उन सभी पर भी मामला दर्ज हो।

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम में चतरा को मिला शीर्ष स्थान

### नीति आयोग से मिलेगा 10 करोड़ का पुरस्कार

- गढ़वा जिला का शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नीति आयोग द्वारा आयोजित ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग के अनुसार चतरा जिला ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश के 112 आकांक्षी जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों, नवाचारों तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रतिफल है। इसके अलावा गढ़वा को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन परफॉमेंस के लिए भी चुना गया है।

नीति आयोग द्वारा यह जानकारी शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक के माध्यम से साझा की गयी। जिसमें चतरा जिले की बहुआयामी प्रगति विशेषकर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन तथा बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सराहा गया। उल्लेखनीय है कि शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिले को नीति आयोग द्वारा 10 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी, जिसका उद्देश्य जिला स्तर पर विकासात्मक पहलों को और अधिक गति देना है।

इस उपलब्धि पर उपायुक्त कीर्तिश्री ने जिले की पूरी प्रशासनिक टीम, विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जनता को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व का विषय है और हम सभी मिलकर इसे बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सफलता आकांक्षी जिला कार्यक्रम के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में चतरा जिले की मजबूत पहल और सतत प्रयास का प्रमाण है।

## शिबू सोरेन की सेहत स्थिर, सभी कर रहे हैं स्वस्थ होने की कामना

- कार्यकर्ताओं ने गुरुजी की तस्वीर के साथ जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना
- बाबूलाल मरांडी ने जल्द स्वस्थ होने की कामना की
- रघुवर दास ने फोन पर हेमंत सोरेन से बात की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने के बाद उनका इलाज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में चल रहा है। जहां राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत परिवार के लोग और पार्टी नेता मौजूद हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी गुरुवार को अस्पताल पहुंच कर उनके स्वास्थ की जानकारी ली थीं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर पूजा अर्चना कर रहे हैं।



शिबू सोरेन के बीमार होने के बाद से सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, विधायक बसंत सोरेन लगातार दिल्ली में ही डेरा डाले हुए है। नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉक्टर एके भल्ला की अगुवाई में डॉक्टरों की टीम गुरु जी का इलाज कर रही है। उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है।

वहीं, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद के साथ उन्हें देखने दिल्ली पहुंचे।

वहीं, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उनके स्वास्थ्य होने की कामना की, तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फोन पर बात की। उन्होंने लिखा कि मै महाप्रभु भगवान जगन्नाथ से बाबा के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं, वो यथाशीघ्र स्वस्थ होकर झारखंड की जनता की सेवा में जुट जायें।

## कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से गैंगरेप

- चारों आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता में लॉ कॉलेज की स्टूडेंट से गैंगरेप मामले के चारों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 10 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया था। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी शुक्रवार सुबह हुई। घटना 25 जून की है।

पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम ग्राउंड फ्लोर के एक गार्ड रूम में दिया गया है। आरोपियों का नाम मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) है। गिरफ्तार आरोपियों में दो कॉलेज के छात्र हैं और एक पूर्व छात्र है। भाजपा ने एक आरोपी मनोजीत मिश्रा के तृणमूल कांग्रेस से जुड़े होने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा कोलकाता लॉ कॉलेज में पढ़ रही है। तीनों आरोपी भी इसी कॉलेज के छात्र हैं।

### भाजपा ने एक आरोपी को तृणमूल से जुड़ा बताया

भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक बंगाली न्यूज रिपोर्ट शेयर करते हुए लिखा कि हैरान कर देने वाली घटना! एक महिला लॉ छात्रा के साथ कॉलेज परिसर में गैंगरेप हुआ। आरोपियों में एक पूर्व छात्र और दो कॉलेज स्टाफ शामिल हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में एक तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा व्यक्ति भी शामिल है।

### महिला आयोग ने कहा: जांच समय से पूरी हो

राष्ट्रीय महिला आयोग ने कोलकाता गैंगरेप मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग की चेयरपर्सन विजया रहाटकर ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर कहा कि इस घटना की तुरंत और तय समय में जांच की जाए। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाये। भारतीय न्याय संहिता की धारा 396 के तहत मुआवजा भी दिया जाये।

**गैंग रेप का वीडियो भी बनाया :** पुलिस की एफआइआर के मुताबिक कोलकाता लॉ कॉलेज के कैंपस के एक गार्ड रूम में गैंगरेप बुधवार शाम 7:30 बजे से रात 8:50 बजे के बीच किया गया। पीड़ित की शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पहले मुझे कॉलेज में रुकने के लिए कहा। इसके बाद ग्राउंड फ्लोर के एक कमरे में ले गये, जहां आरोपियों ने रात करीब 10 बजे तक उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़ित ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि सामूहिक दुष्कर्म के दौरान रिकॉर्डिंग भी की गयी। बाद में मुझे धमकी दी कि अगर मैंने किसी से इस घटना के बारे में बात की तो वे वीडियो को इंटरनेट पर वायरल कर देंगे।

**चारों आरोपियों के मोबाइल जब्त :** पुलिस के मुताबिक दो आरोपी मोनोजित मिश्रा और जैब अहमद को 26 जून को शाम 7:20 और 7:35 बजे के बीच सिद्धार्थ शंकर राय शिशु उद्यान के पास से पकड़ा गया। दोनों के मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। तीसरे आरोपी प्रमित मुखर्जी को 27 जून को उसके घर से गिरफ्तार किया गया और उसका मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। चौथा आरोपी शुक्रवार को पकड़ा गया है। कॉलेज की उप-प्राचार्या डॉ नयना चटर्जी ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र और वकील है। उसे संस्थान की गवर्निंग बॉडी ने अस्थायी नियुक्ति दी गयी थी।



# हजारीबाग के चौपारण और सिलवार में निकली रथ यात्रा

**हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ**

**विदेशी पर्यटक भी हुए शामिल, जय जगन्नाथ के धुन में रमे**

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड और सदर के सिलवार स्थित जगरनाथ धाम में रथ यात्रा निकाला गया। चौपारण के रथ यात्रा में विदेशी पर्यटक भी जय जगन्नाथ के धुन में रमे दिखे। विदेशी पर्यटकों ने जमकर इस दौरान आस्था का गोता लगाया। हरे कृष्णा हरे राम के धुन में झूमते विदेशी श्रद्धालु चौपारण पहुंचे थे। भक्तों की भीड़ जयकारों की गूंज और भक्तिमय माहौल के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा अपने भव्य रथों पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंचे। तीन वर्षों से जिले के चौपारण प्रखंड क्षेत्र में रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। चौपारण के सियारकोनी से यह रथ यात्रा प्रारंभ होता है जो चौपारण के कई मार्गो से होते हुए गढ़काली मंदिर स्थित मौसीबाडी के प्रांगण पहुंच समाप्त होता है। इस दौरान सिर्फ हजारीबाग ही नहीं बल्कि आसपास के जिले से भी भक्त यहां पहुंचे थे।

सड़कों पर हजारों की संख्या में भक्त भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए आतुर दिखे। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति के माहौल में रमा रहा। यात्रा के दौरान खास करके सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये थे। रथ यात्रा में सम्मिलित होने आए बरही के विधायक मनोज यादव ने कहा कि हजारीबाग के बरही में ऐतिहासिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसका स्वरूप भी बढ़ेगा। चौपारण की इस रथ यात्रा में भारतीय कला और विदेशी परंपरा का अद्भुत संगम भी देखने को मिला। विदेशी श्रद्धालु भारतीय परिधान में नाचते गाते प्रभु जगन्नाथ यात्रा का हिस्सा बनते दिखे।

वहीं सिलवार स्तिथ जगन्नाथ धाम मंदिर में भी शुक्रवार को रथयात्रा मेला का आयोजन हुआ। बारिश में भी भगवान की दर्शन और पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालु की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा का महास्नान, पूजन, गर्भगृह का पूजन, महा श्रृंगार और आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पट खोल दी गयी। पट खुलते ही श्रद्धालु भक्तगण पूजा अर्चना के लिए उमड़े। सुबह नौ बजे महाभोग का बितरण किया गया। विभिन्न क्षेत्र से आये श्रद्धालुगण पूजा अर्चना कर मन्नते मांगी। संध्या छह बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा सुसज्जित रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी केसुरा पहाड़ पहुंचे। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु रथ को खीचते हुए भगवान के जयकारे के साथ, झूमते हुए मौसीबाड़ी पहुंचाए। भगवान नौ दिन तक मौसी के घर विश्राम कर 5 जुलाई तिथि नवमी के दिन अपने धाम पहुचेंगे। उसी दिन केसुरा पहाड़ के पास घूरती रथ यात्रा मेला का आयोजन की जायेगी। नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में भजन कीर्तन और प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना की जाती है।

**समिति के सदस्य और प्रशासन ने सुरक्षा पर रखी थी नजर:** सिलवार और चौपारण के रथयात्रा मेला में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रखा गया था। दोनों जगह एसपी अंजनी अंजन खुद पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। वहीं हर जगह पुलिस और समिति के वोलेंटियर भक्तों के सुविधा के लिए लगे हुए थे।



## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई पूजा अर्चना



सिलवार जगरनाथ धाम मंदिर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा का दो दिनों से वेदीकमंत्रोचारन के साथ पूजा अर्चना की गयी। यहां पिछले 1952 ईसवी से लगातार पूजा अर्चना की जा रही है, इसकी शुरुआत भूरालाल जैन,जलेश्वर जैन और मोती महतो ने की थी। प्रथम पुजारी देवकीनंदन पांडेय थे। कार्यक्रम मे सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, उदय भान नारायण सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बड़कागांव के रथ यात्रा मेला में उमड़ी भीड़

बड़कागांव(आजाद सिपाही)। बड़कागांव में रथयात्रा भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की पूजा-अर्चना के लिए मंदिर का कपाट अहले सुबह 6 :00 बजे खोल दिया गया। उसके बाद सर्वदर्शन सुलभ हुआ। सुबह से लेकर शाम चार बजे तक पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ मंदिर के प्रांगण में जमी रही। भक्तों की ओर से पूजा अर्चना के बाद रथ को सजाया गया। शाम 4:30 बजे भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रथ पर आसन्न कराया गया। इसके बाद आरती की गयी। तब भक्तों ने मंदिर परिसर से रथ को खींचना शुरू किया। भगवान के रथ को भक्तों ने राम जानकी मंदिर से मुख्य चौक होते हुए डेली मार्केट स्थित राधे श्याम मंदिर पहुंचाया। जहां भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा और भगवान कृष्ण व राधा को मेल-मिलाप कराने के लिए पूजा अर्चना की गयी। रथ पर चढ़कर पुजारी चिंतामणि महतो, अंतु महतो, पद्दुम महतो, ने पूजा करायी। रथ पुनः डेली मार्केट होते हुए रथ काली मंदिर पहुंचा। जहां भक्तों ने पूजा-अर्चना की इसके बाद देर शाम को रथ मौसी बाड़ी पहुंचा। जहां देर रात तक महाआरती की गयी। रथ खींचने में सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, समिति के अध्यक्ष जय हिंद महतो, उपाध्यक्ष पिंटू गुप्ता, मनोज गुप्ता, दर्शन प्रसाद कुशवाहा, सत्यजीत अलंकार, कीर्तन महतो, प्रीतम महतो समेत सैकड़ों भक्तों ने रथ का रस्सा खींचकर आस्था व्यक्त किया।

मेले में कई प्रकार के लगे थे स्टॉल: मेले में खाद्य सामग्री समेत मनोरंजन के कई स्टॉल लगाये गये थे। मेले में विभिन्न तरह के झूले लगाये गये थे। जिसपर बच्चे, युवक-युवतियां झूलते नजर आये। लोगों की भीड़ दिनभर उमड़ी रही। पूजा अनुष्ठान कराने और मेला को सफल बनाने में राम जानकी मंदिर रथ मेला पूजा समिति के अध्यक्ष जय हिंद महतो, उपाध्यक्ष पिंटू गुप्ता, सचिव हरिनाथ राम, उपसचिव पवन महतो, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद दांगी, उपकोषाध्यक्ष रविंद्र लाल, मनोरंजन मंत्री बंधन महतो, संरक्षक दर्शन महतो, अंतू महतो, मनोज गुप्ता, चमन महतो, द्वारका महतो, रामसेवक सोनी, संयोजक :- पदुम महतो, चंदा प्रभारी कुलेश्वर महतो, चंद्रू महतो, प्रीतम महतो, डोमन महतो, रामचंद्र साह, महेश्वरी राम, सजावट मंत्री कीर्तन महतो, प्रकाश महतो, वीरेंद्र महतो, चैतलाल महतो, संगठन मंत्री इंग्लेश सोनी, संजय कुमार, मीडिया प्रभारी संजय सागर, दीपक सिन्हा, पिंटू कुशवाहा, शिबू महतो, अमित कुमार साह, आनंद कुमार, रितेश ठाकुर, मदन महतो, माधव महतो, बुद्धि नाथ महतो, बालेश्वर महतो, सरजू राम, सहदेव साह, पप्पू साह,छोटी साह, दर्शन प्रजापति, छक्कन प्रजापति, सुखदेव राणा, प्रेम महतो, सुभाष ठाकुर, संतोष ठाकुर, विद्या अलंकार, शिबू मेहता, किशोर कुमार, चंदन जायसवाल, विकास कुमार, उदय मेहता रोशन कुमार, कुलदीप कुमार, विशाल कुमार, इंद्रनाथ महतो, प्रीतम महतो, डोमन महतो, रामचंद्र साह आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।



## भगवान जगन्नाथ धाम मंदिर में महाभोग का हुआ वितरण

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित सिलवार गांव के प्राचीन भगवान जगन्नाथ धाम मंदिर में रथयात्रा महोत्सव के पावन अवसर पर हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद के सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच महाभोग स्वरूप खिचड़ी का भव्य वितरण किया गया। महाभोग का वितरण सुबह लगभग 10:00 बजे प्रारंभ हुआ, जो देर शाम तक अनवरत रूप से चलता रहा। बताते चले कि महाभोग का वितरण पिछले कई सालो से करवाया जाता रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से प्रसाद वितरण किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और संतोष का वातावरण बना रहा।

हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद निजी कारणों से शहर से बाहर होने के बावजूद उन्होंने पूर्व से ही आयोजन की विस्तृत योजना तैयार कर अपने प्रतिनिधियों और कार्याकर्ताओं को निर्देशित कर दिया था। विधायक की अनुपस्थिति में भी आयोजन में कहीं कोई कमी नहीं दिखी।



विधायक की टीम भाजपा के नेता व कार्याकर्ताओं ने पूरी तत्परता और समर्पण के साथ महाभोग वितरण कार्य को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया विधायक प्रदीप प्रसाद के सुपुत्र सूर्यांश कुमार विशेष रूप से मंदिर परिसर पहुंचे और भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा माता की विधिवत पूजा-अर्चना की। स्थानीय लोगों और ग्रामीणों ने इस आयोजन को अत्यंत सराहनीय बताते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रति आभार जताया। इस खास अवसर पर भाजपा नेता व पूर्व जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक, धर्मनाथ प्रसाद, सचिव नेमीचंद कुशवाहा, भाजपा नेता रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि, अमृत पासवान, राजू प्रसाद, प्रमेश्वर गोप, रंजीत राम, राजेश साव, राजेन्द्र मेहता, मनोज कुशवाहा, महेन्द्र राम, जगदीश प्रसाद, नरेश यादव, विशेष्वर पाडेय, मंदिर समिति अध्यक्ष अभय सिह, प्रवेश रजक, टुन्नू पाडेय, राजेश यादव, भजन साव, मोनू कुमार, अविनाश कुमार, राजेश ठाकुर, राहूल मंडल, ज्वाला प्रताप, मनीष ठाकुर, चंदन सिह, दीपक प्रजापति सहित सैकेडों संख्या में लोग महाभोग वितरण और रथ यात्रा मेला मे श्रद्धालुओं के स्वागत में मुस्तेद रहें ।

## तीर्थ दर्शन सह पवित्र यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत 29 को



चंदवारा(आजाद सिपाही)। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद तीर्थ दर्शन 2025 समारोह सह पवित्र यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग के प्रसिद्ध नृसिंह मंदिर प्रांगण से 29 जून दिन रविवार को दोपहर 2 बजे किया जायेगा। सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी ने इस कार्यक्रम के निमित शुक्रवार को चंदवारा प्रखंड के विभिन्न गांव में निमंत्रण कार्ड दिया व लोगों से इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का आग्रह किया। मौके पर जिला परिषद सदस्या नीतू यादव, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष आनन्द मोदी, राजेन्द्र सोनी, संतोष यादव, बिजय मोदी, बद्री कोइरी, अजीत यादव मौजूद रहे।

## गैड़ा में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

बरकट्ठा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गैड़ा में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गयी। इस्कॉन संस्था और ग्रामीणों के सहयोग से रथ यात्रा चुगलामो मिडिल स्कूल से प्रारंभ हो कर तुर्कबाद चौक, गैड़ा काली मंडा चौक, झारखंडी चौक होते हुए गैड़ा इस्कॉन सेंटर में समाप्त हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी सुरेन्द्र भाई मोदी ने भगवान जगन्नाथ की आरती कर रथ यात्रा का प्रारंभ किया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि रथ यात्रा इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। कई सालों से गैड़ा के ग्रामीणों द्वारा रथयात्रा निकाली जा रही हैं जो पुरे सनातन धर्म के लिए गर्व का विषय है। आने वाले समय में इस रथयात्रा का और विस्तार होगा। इससे पूरा बरकट्ठा प्रखंड लाभान्वित होगा। रथ यात्रा में बच्चे, बूढ़े, महिला एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी ने जय जगन्नाथ और हरे कृष्णा और हरे रामा का जमकर नारा लगाया। विदित हो कि गैड़ा गांव में प्रत्येक वर्ष भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भैया बलराम की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है। वहीं आज रात्रि इस्कॉन सेंटर गैड़ा में प्रकाश प्रभु द्वारा भागवत कथा किया जायेगा तत्पश्चात इस्कॉन संस्था की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का वितरण किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर जिला परिषद प्रतिनिधि यमुना साव, मुकेश कुमार राय, सहायक प्राध्यापक विवेक कुमार राय, सुमंत पाडेय, गैड़ा मुखिया प्रतिनिधि श्याम साव, चुगलामों मुखिया प्रतिनिधि मनोज यादव, प्रकाश चौधरी, तुलसी चौधरी समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## इटावा की घटना के खिलाफ 2 को प्रतिवाद मार्च



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** उतर प्रदेश के इटावा जिला के दादरपुर गांव में कथावाचकों के साथ जाति पूछकर हुई बर्बरता और अपराधिक कृत्य की निंदा विभिन्न दलों, सामाजिक संगठनों के नेताओं की हुई संयुक्त बैठक में नेताओं ने किया। वक्ताओं ने कहा कि कथावाचकों के साथ जाति पूछकर बर्बरता की गयी, उन्हे बुरी तरह से पीटा गया, जबरिया उनके सिर के बाल मुड़वाये गये। यह कृत्य भारत के संविधान में प्रदत्त व्यक्ति की गरिमा, प्रतिष्ठा सुरक्षित रखने जैसे मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। इस तरह की घटनाएं 2014 के बाद मोदी के नेतृत्व में आरएसएस भाजपा की सरकार द्वारा समाज में नफरत फैलाने वाले तत्वों पर कार्रवाई नहीं करने के कारण बढ़ी है। संविधान को खत्म करने की साजिश हो रही है। देश में हिन्दू राष्ट्र लाने और संविधान की जगह मनुस्मृति लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इटावा की घटना के खिलाफ 2 जुलाई को विरोध मार्च कर मनुस्मृति को जलाया जायेगा। इसकी तैयारी के लिए 30 जून को साहू धर्मशाला में विस्तारित बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जेएमएम के श्यामदेव यादव, कांग्रेस के प्रकाश रजक, आरजेडी के अध्यक्ष महेन्द्र यादव, आप नेता दामोदर यादव, सीपीएम के रमेश प्रजापति, सीटू के संजय पासवान, प्रेम प्रकाश, एक्टू के विजय पासवान, राजेन्द्र यादव, मुखिया बिरेन्द्र यादव, छोटू यादव, बामसेफ के दुर्गा राम, सामाजिक कार्यकर्ता बद्री पंडीत, पूर्व प्रमुख, महेन्द्र यादव, प्रेम शंकर यादव, बंधन राम, राजकुमार यादव, रामप्रसाद यादव, रविशंकर यादव, नागेश्वर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## इस्लामिक महीना मुहर्रम का चांद दिखा, साल शुरू

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** इस्लामिक महीना मुहर्रम का चांद गुरूवार को दिखायी दिया। चांद दिखने के बाद मुस्लिम धर्मावलम्बियों का इस्लामिक नया साल की शुरुआत शुक्रवार से हो गयी है। चांद दिखायी देने के साथ ही दस दिनो तक चलने वाला त्योहार मुहर्रम का आगाज हो गया है। इस दौरान प्रखंड समेत अन्य मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों के इमाम बाड़ो और कर्बला में साफ सफाई, रंग रोगन और साज सज्जा में लोग जुट गये हैं। सभी इमामबाड़ो में डंके की आवाज के साथ तलवार, बाना, लाठी समेत अन्य खेलो का प्रदर्शन शुरू हो गया है। शाहगंज के ईमाम मौलाना फरीदुल कादरी अमजदी ने बताया कि जहां पूरे देश के लोग अपने अपने तरीके से नया साल उल्लास के साथ मनाते हैं वहीं इस्लाम में नये साल की शुरूवात गम और मातम से होती है। इसी माह मुहर्रम में पैगबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे ईमाम हुसैन ने कर्बला की जमीन पर सत्य और न्याय के खातिर अपने और अपने परिवार की जान कुर्बान कर दी थी। कर्बला स्थित उनका रोजा आज भी उनकी सहादत की गवाही देता है। मुहर्रम की दसवीं तारीख को यौमे अशुरा के रूप में ईमाम हुसैन की सहादत को याद किया जाता है। 6 जुलाई को दसवीं मुहर्रम यौमे यसुरा को सभी लोग रोजा रखते है ईस रोजा का फजीलत यह है की अल्लाह ताला सभी रोजेदारो का पिछले एक साल के गुनाहो को माफ कर देता है।

## ग्रिजली विद्यालय की छात्रा सृष्टि बर्णवाल ने साझा किये आत्म-अध्ययन के मंत्र

**कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं (विज्ञान संकाय) के छात्रों ने भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के सभागार में विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायी 'पेप टॉक' का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य वक्ता थीं सृष्टि बर्णवाल, जो वर्ष 2024-25 की द्वितीय जिला टॉपर (विज्ञान शाखा) रह चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि सृष्टि ने अपने पहले प्रयास में ही आइआइटी क्वालिफाई किया, जिसमें उन्हें ऑल इंडिया रैंक 7726 प्राप्त हुई। सृष्टि स्वयं ग्रिजली विद्यालय की छात्रा रह चुकी हैं और उन्होंने अपनी तैयारी विद्यालय में नियमित पढ़ाई करते हुए ही पूरी की। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं (विज्ञान संकाय) के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ माध्यमिक समन्वयक (विज्ञान शाखा) विजय कुमार सिंह सहित विद्यालय के कई शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा श्रेया आर्य ने किया, जबकि पुष्पगुच्छ भेंट प्रमुख प्रतिनिधि शगुन सिंह ने स्वागत किया। सृष्टि ने बोर्ड परीक्षाओं और आइआइटी की तैयारी को लेकर अपने अनुभव छात्रों से साझा किये। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए न कि मात्र पढ़ने के घंटों पर। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया, जिसमें अनन्या ज्योति, तन्नु मोदी, स्मृति काजल, अंजू कुमारी, शौर्य तेर्वेय, रिया कुमारी, आयुषी कुमकुम, स्नेह पांडेय, रिया कुमारी, शीतल सहित अन्य छात्रों ने सृष्टि से परीक्षा की तैयारी, दबाव से निपटने और लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे विषयों पर सवाल किये। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान संकाय से नागेन्द्र कुमार, विजय कुमार, रवि शंकर, सुशांत कुमार, कुमार राजीव, संजीव कुमार जैसवाल, संतोष कुमार, अमित दास, अमित राय, सुनील कुमार साव, कोकिल कुमार और वासिम अंसारी जैसे शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सीइओ प्रकाश गुप्ता द्वारा सृष्टि बर्णवाल को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार सिंह ने किया।



## डॉ रहमान हॉस्पिटल का उद्घाटन




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर रोड स्थित राय कंपलेक्स (तिलैया क्लिनिक) में डॉ रहमान हॉस्पिटल का भव्य शुरूआत किया गया। हॉस्पिटल का उद्घाटन सिविल सर्जन अनिल कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर सिविल सर्जन श्री कुमार ने कहा कि सारी सुविधाओं से युक्त हॉस्पिटल की शुरुआत एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने आशा जताया कि यहां मरीजों को सुलभ व सस्ती इलाज की सुविधा मिलेगी। वही अस्पताल के मुख्य चिकित्सक एमबीबीएस एमएस डॉ एम एच रहमान ने बताया कि अस्पताल में सोमवार से रविवार प्रतिदिन 24*7 इमरजेंसी सेवा सहित अत्याधुनिक सुविधा मरीजों को उपलब्ध मिलेगी, साथ ही अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ जैसे कई विशेषज्ञ डॉक्टर भी अपनी सेवा देंगे। डॉ खान ने कहा कि अस्पताल में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी जटिल से जटिल बीमारियों का सफल ऑपरेशन के साथ-साथ उचित देखभाल की भी पूर्ण व्यवस्था मरीज को उपलब्ध मिलेगी। इस अवसर पर डॉ सुजीत राज, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ रंजीत कुमार, डॉ नीरज साहा, डॉ विमल प्रसाद, डॉ कमला तिर्की, डॉ संगीता कुमारी, डॉ फरहाना महफूज सहित राय काम्पलेक्स के संचालक नंद राय, राजनेता साजिद हुसैन लल्लू के अलावा वीरेंद्र सिन्हा, प्रतीक कुमार, अरुण कुमार, नवीन कुमार मनोरमा कुमारी, ममता कुमारी सहित कई गणमान्य लोग अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

## तिलैया डैम में डूबने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के डुमरडीहा गांव के रहने वाले एक युवक की तिलैया डैम में नहाने के क्रम में मौत हो गयी। मृतक की पहचान 17 वर्षीय सन्नी कुमार यादव पिता संजय यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सन्नी अपने दो अन्य दोस्तों के साथ शुक्रवार को तिलैया डैम घूमने गया हुआ था। डैम पहुंचने के पश्चात वहां पर डैम के किनारे खड़े बोट को खाली देखकर वे लोग उसमें सवार हो गये और बोट को लेकर किनारे से लगभग 50 फीट की दूरी पर डैम के बीच में चले गये। वहां पहुंचकर तीनों दोस्त सेल्फी लेने लगे। इसी क्रम में बोट अनियंत्रित हो गयी और सन्नी बोट से नीचे डैम में जा गिरा। इसके पश्चात बाकी के दोनों दोस्त बोट को लेकर किनारे आए और आसपास के ग्रामीणों व नाविकों को इसकी सूचना दी। जिसके पश्चात नाविक की मदद से करीब एक घंटे के पश्चात शव को बाहर निकाला जा सका। इधर घटना की सूचना पाकर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। तिलैया डैम ओपी प्रभारी अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सन्नी के शव को डैम से निकलने के पश्चात सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते चलें कि सन्नी मूल रूप से डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही गांव का रहने वाला था। वह डुमरडीहा गांव में अपनी नानी के यहां रहकर पढ़ाई करता था।



## जयनगर में बालू का अवैध व्यापार धड़ल्ले से



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेतरौन पंचायत अंतर्गत ग्राम बदुलीया नदी से प्रत्येक दिन सुबह 4 बजे से 70 - 80 ट्रैक्टर रात्रि 9 बजे तक अवैध बालू का परिवहन किया जाता है। बता दें कि नदी के उस पार मरकच्चो प्रखंड के तरफ से सैकड़ों के संख्या ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू का परिवहन करने से प्रधानमंत्री सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। ग्रामीण नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि कुछ दबंग कि स्म के लोग प्रति ट्रैक्टर तीन सौ रुपए से चार सौ रुपए प्रति ट्रैक्टर दबंग लोग रंगदारी वसूली कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ों के संख्या में अवैध रूप से बालू परिवहन करने से काली करण प्रधानमंत्री सड़क योजना कीचड़ में तब्दील हो गया है। हरेक वर्ष के भांति इस वर्ष भी झारखंड सरकार के द्वारा 10 जुन से एनजीटी लागू होने के पश्चात परसाबाद, तिलोकरी और तमाय पंचायत के अलग-अलग घाटों से धड़ल्ले से रात्रि के अंधेरे में और दिन के उजाले में अवैध तरीके से खनन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सड़क योजना कीचड़ में तब्दील होने से आने जाने वाले राहगीरों को चलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क पर चलने से कुछ मोटरसाइकिल गिरने से चालक घायल भी हुए हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 जून, 2025
www.azadsipahi.in
05

# भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ खींचने के लिए उमड़ा जन सैलाब

**मंत्री योगेंद्र प्रसाद, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया जगन्नाथ मंदिर में दर्शन, नेताओं का लगा जमावड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कैथा में स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा आस्था के साथ संपन्न हुई। रथ को खींचने के लिए जन सैलाब उमड़ा। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा एक ही रथ पर विराजमान होकर मौसी बड़ी के लिए निकले। सुबह से ही कैथा जगन्नाथ मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूरे दिन मंदिर में लोगों की कतार लगी रही। भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक ममता देवी, डुमरी विधायक जयराम महतो, गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी भी पहुंची। यहां उन्होंने फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन किया।

**भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है रथ यात्रा : मंत्री योगेंद्र प्रसाद :** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि रथ यात्रा भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। यह पर्व हमें प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देता है। धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक और विरासत को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने 35 वर्षों के बाद नवनिर्मित पवित्र रथ का फीता काटकर उद्घाटन किया।

**रथ यात्रा है हमारी सांस्कृतिक पहचान : जयराम महतो :** कैथा जगन्नाथ मंदिर में पूजा करने पहुंचे जेएलकेएम सुप्रीम और टाइगर जयराम महतो ने रथ यात्रा को सांस्कृतिक पहचान बताया। ऐसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं और नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं से अवगत कराते हैं।

**ऐतिहासिक आयोजन के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने दी बधाई :** कैथा में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की सराहना सांसद मनीष जायसवाल ने भी की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में रथ उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। कैथा में इस पर्व का ऐतिहासिक आयोजन निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। यह हमारी धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता को दर्शाता है।

## कैथा जगन्नाथ रथ मेला क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक महत्व है: चंद्रप्रकाश

गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ बहुत दयालु हैं। वे अपने भक्तों से शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। कहा कि कैथा जगन्नाथ रथ मेला का क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक महत्व है। क्योंकि क्षेत्र के लोगों की भगवान जगन्नाथ के प्रति गहरी श्रद्धा और भक्ति है। कहा कि कैथा रथ मेला में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर सामूहिक रूप से मेले का लुत्फ उठाते हैं। इससे लोगों में मेलजोल और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है।



**रथ यात्रा के भव्य आयोजन में शामिल हुई विधायक ममता :** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने रथ यात्रा के सफल आयोजन पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा हर साल और भव्य होती जा रही है। बड़ी संख्या में लोग भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए आ रहे हैं। यह हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पूर्व गोमिया विधायक बबीता देवी और कैथा की बेटी ने इस आयोजन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि रथ यात्रा हमें आध्यात्मिकता और सेवा का मार्ग दिखाती है। यह क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा देता है।

**कार्यक्रम में कई गणमान्य हुए शामिल:** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह, सिटी मैनेजर राजीव रंजन, करमा परियोजना अधिकारी रामेश्वर मुंडा, पवन कुमार महतो, समिति के अध्यक्ष हंसपाल महतो, सचिव संतोष महतो, कोषाध्यक्ष कुलदीप महतो, ध्यानचंद महतो, शिव कुमार, वार्ड पार्षद देवधारी महतो, देवलाल महतो, संजय करमाली, सुरेश करमाली, माधव करमाली,मुनि नाथ महतो, प्रदीप महतो, संदीप कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार, बालीश राम महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## छोटकीडूंडी में भगवान राम-लक्ष्मण और माता जानकी की निकली रथयात्रा

कुजू(आजाद सिपाही)। क्षेत्र के छोटकीडूंडी में 100 वर्ष पुरानी अनूठी परंपरा के साथ भगवान राम, लक्ष्मण व माता जानकी की ऐतिहासिक रथयात्रा शुक्रवार को निकाली गयी। रथयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक तिवारी महतो और विशिष्ट अतिथि कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह शामिल रहे। इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ सभी प्रतिमाओं को जयघोष के साथ सुसज्जित रथ पर सवार कर किया। वहीं, रस्सी के सहारे रथ को खींचकर ठाकुरबाडी से मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। जहां सभी देवी देवता सात दिनों तक विश्राम के बाद पुनः आठवें दिन घुरती रथ से मौसीबाड़ी पहुंचेगे। साथ ही, पूजार्चना के साथ स्थापित किया जायेगा। इससे पूर्व, समिति ने नवनिर्मित मंदिर में पूजा पाठ किया। जिसमें पुरोहित सत्यदेव पांडेय, पंडित महेंद्र तिवारी, मुकेश तिवारी, संतोष पांडेय, शशिकांत पांडेय, यीशु पांडेय, शिवा पांडेय ने यजमान बने बीरू महतो, ठाकुरदास महतो, रामसेवक महतो, शोभा महतो, भीम महतो, अरुण कुमार महतो, महेंद्र करमाली, हरिश्चंद्र महतो, रामजी महतो सपत्नीक के हाथों राम, लक्ष्मण, माता जानकी समेत विभिन्न देवी देवताओं को सिंहासन का अधिष्ठापन को लेकर यज्ञ, मौसीबाड़ी आगमन का संदेशवाहक भगवान हनुमान का जनकपुर के लिए प्रस्थान, ठाकुरबाड़ी में यज्ञ हवन और महाभोग आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न हुए। इस अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस, अमित सिन्हा, अनमोल सिंह, पीयूष चौधरी,



शत्रुघ्न प्रसाद, राजेश, आश्वेश्वर कुमार, राजेश महतो, मुकेश कुमार, गणेश महतो, पंकज करमाली समेत कई धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## पतरातू में निकाली गयी रथ यात्रा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्टीम कॉलोनी में शुक्रवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से रथ यात्रा निकाली गयी। रथयात्रा काली बाड़ी से गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। जिसमें भारी संख्या मे महिला पुरुष बच्चे रथ को खींचते हुए पुरे रेलवे कौलोनी फुटबॉल मैदान में भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर पुजारी कंचन घटक ने बिधिवत रुप से पूजा अर्चना कर भगवान कि मूर्ति को रथ पर बिराजमान किये।

## सेवटा में अखंड हरि कीर्तन भंडारे के साथ संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सेवटा स्थित हनुमान मंदिर का 14वें वार्षिकोत्सव के मौके आयोजित 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुक्रवार को भव्य भंडारे के साथ समापन किया गया। वहीं, शामिल श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप खिचड़ी ग्रहण किया। इससे पूर्व, यज्ञाचार्य विकास पांडेय ने समाजसेवी नरेश प्रसाद साहू और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी के हाथों वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजार्चना कराया। वहीं, गाजे बाजे के साथ अखंड दीप को देवी मंडप ले जायेगा। मौके पर परमेश्वर साव, भीम प्रसाद साहू, जयराम साहू, लखन प्रसाद, राजेश प्रसाद, सुरेश साव, सुबोध प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, अंकुश कुमार, विशेश्वर प्रसाद, जमुना प्रसाद, प्रशांत कुमार, अशोक प्रसाद, सुनील कुमार, प्रदीप प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, सोनू साव, संदीप कुमार, पीयूष कुमार, गणेश साव, संजू देवी, मंजू देवी, बसंती देवी, विद्या देवी समेत कई लोग शामिल रहे।

# पोना पर्वत जगन्नाथ धाम में भव्य यात्रा और मेले का आयोजन

**पोना पर्वत जगन्नाथ धाम मेला में सांसद मनीष जायसवाल हुए शामिल, विकास का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़की पोना गांव में स्थित पोना पर्वत जगन्नाथ धाम में शुक्रवार को रथ द्वितीय के अवसर पर एक भव्य यात्रा और मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं और आगंतुकों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिससे पूरा पोना पर्वत धाम आस्था और उत्साह से भर उठा।

सांसद मनीष जायसवाल ने की पूजा-अर्चना और किया अभिनंदन

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल भी इस अवसर पर पोना पर्वत की तलहटी पर पहुंचे। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की श्रद्धापूर्वक आराधना की और क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने पहाड़ी के नीचे और ऊपर की ओर आ- जा रहे श्रद्धालुओं का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया, जिससे भक्तों में उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली ।

**स्थानीय समिति ने किया पर्वत क्षेत्र के विकास का आग्रह, सांसद ने दिया सकारात्मक पहल का भरोसा:** स्थानीय मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने सांसद मनीष जायसवाल का फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान समिति ने सांसद से पोना पर्वत पर स्थित जगन्नाथ धाम के लिए सुगम राह या सीढ़ी के निर्माण का आग्रह किया, ताकि श्रद्धालुओं को ऊपर चढ़ने में सुविधा हो। साथ ही, उन्होंने इस धाम को पर्यटन के क्षेत्र में विशेष स्थान दिलाने के लिए भी प्रयास करने का अनुरोध किया। समिति के आग्रह पर सांसद मनीष जायसवाल ने इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का भरोसा जताया। उनके इस आश्वासन से स्थानीय लोगों और समिति में उम्मीद की नई किरण जगी है। पोना पर्वत जगन्नाथ धाम के विकास से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

**बड़कीपोना में निर्माणाधीन विष्णु मंदिर का किया निरीक्षण, सहयोग का जताया भरोसा:** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़की पोना में ग्रामीणों के आग्रह पर सांसद मनीष जायसवाल उनके मंदिर चौक में निमार्णाधीन विष्णु मंदिर का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मंदिर निर्माण समिति ने सहयोग का अपेक्षा जताया। उन्होंने भी यथासंभव सहयोग का भरोसा उन्हें जताया ।

**मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद :** रामगढ़ जिले सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष सह रामगढ़ विधानसभा सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी, रमेश वर्मा, चितरपुर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन वर्मा, महेंद्र प्रजापति, छोटन सिंह, रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, रमेश दांगी, विकास दांगी, प्रदीप दांगी, नारायण महतो, बीरबल महतो, मुकेश प्रसाद, गणेश दांगी, सकीचंद दांगी, सुरेंद्र महतो, दुर्गाचरण महतो, विनोद कुमार, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### घर जाना हो तो रात में नहीं करे रामगढ़ थाना क्षेत्र में प्रवेश, वरना पुलिस करेगी फजीहत

# जन्मदिन की पार्टी में खाना खिलाकर घर जा रहे कैटरर को पैंथर पुलिस ने पीटा, एसपी से शिकायत

**कुज्जू से जन्मदिन पार्टी में खाना खिलाकर कैटरर अपने घर लौट रहे थे, जिसे रोककर पैंथर पुलिस के जवानों ने उनकी जमकर धुनायी कर दी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** अगर आपके घर रास्ता रामगढ़ थाना क्षेत्र से होकर गुजरता है तो आप रात में या तो घर जाना छोड़ दें या फिर सावधान हो जाये। क्योंकि रात में अगर अपना निजी काम निपटाकर जा रहे है और पुलिस मिल गयी तो आपको फजीहत का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सोच समझकर कर रात में अपने घर का रूख करें। जी हां कुछ ऐसा ही वाक्या बुधवार की रात रामगढ़ थाना क्षेत्र में देखने को मिला है। कुज्जू से जन्मदिन पार्टी में खाना खिलाकर कैटरर अपने घर लौट रहे थे। जिसे रोककर पैंथर पुलिस के जवानों ने उनकी जमकर धुनाई कर दी।

**बार बार गुहार लगाता रहा युवक, नहीं रुका पुलिस जवान बर्बरता :** युवक बार-बार मारपीट नहीं करने की गुहार लगाता रहा। लेकिन रात के अंधेरे में पुलिस के जवान उनपर बर्बरता जारी रखा। किसी तरह रात में घर पहुंचा और बारात में खाना खिलाने के लिए बुलाने वाले अपने बॉस को घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी। इसके बाद शुक्रवार को पीड़ित युवकों ने रामगढ़ एसपी से लिखित शिकायत करते हुए रामगढ़ थाना को भी आवेदन दिया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है कि आखिरकार रात में हुआ क्या था।

## पीड़ित ने आवेदन में बतायी पूरी कहानी

पीड़ित कृष्णा कुमार और सूरज कुमार मिश्रा दोनों भुरकुंडा निवासी ने एसपी को आवेदन देकर घटना की जानकारी दी। आवेदन में कहा है कि बुधवार की रात करीब एक बजे कुजू स्थित अक्षत मैरेज हॉल से कैटरिंग का काम निपटाकर वापस घर जा रहे थे। इसी बीच सुभाष चौक के निकट चाय पीने रुका था। इसी बीच रामगढ़ थाना के पैंथर जवान विकास कुमार और राकेश कुमार चाय दुकान पहुंचे और हमलोगों से पूछताछ करने लगे। हमलोगों ने बताया कि कुजू से एक कार्यक्रम में कैटरिंग का काम निपटाकर घर जा रहे है। जिसके बाद दोनों जवान मारपीट करने लगे। दोनों ने हमलोगों को मुक्का और लात से मारपीट किया। साथ ही कहा कि ज्यादा हल्ला किया तो गोली मारकर दामोदर में फेंक देंगे। जिसके बाद हमलोग डर गए। पीड़ित ने बताया कि दोनों जवान नशे में थे। हमलोगों ने हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगायी। जिसके बाद उन्होंने भागने की बात कही। तब जाकर हमलोग घर की चले गये। पीड़ित ने आवेदन में दोनों जवानों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## पीडीएस दुकानों का किया गया निरीक्षण

हंटरगंज /चतरा(आजाद सिपाही)। प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन प्रसाद ने शुक्रवार को उरैली और केदलीकला पंचायत में आधा दर्जन से अधिक पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। एमओ अर्जुन प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिल रहीं थीं की कुछ पीडीएस दुकानदारो के द्वारा अगस्त माह का तीन माह का राशन नहीं दिया जा है। इसी शिकायत के आधार पर एमओ ने खुद निरीक्षण किया जिसमें एक दुकानदार के द्वारा राशन नहीं देने की बात सामने आयी। हालांकि दुकानदार को एमओ ने फटकार लगाते हुए जल्द से राशन वितरण करने का निर्देश दिया है । जिसके बाद पीडीएस दुकानदार ने कल वितरण करने का एकरार किया है।

# पत्थर कारोबारी बिरजू तिवारी और निवर्तमान जिला खनन पदाधिकारी गोपाल के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**पत्थर कारोबारियों और खनन कार्यालय का गठजोड़ उजागर**

**खरीक गांव निवासी सुबोध सिंह गुड्डू के आवेदन के आधार पर न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया एफआइआर**

**माईंस संचालक पर सुबोध सिंह का फर्जी हस्ताक्षर का शपथपत्र तैयार कर खनन कार्यालय और पीएमओ कार्यालय भेजने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के चटनियां मौजा में संचालित जय शिव स्टोन माईंस और क्रशर के संचालक सह जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी और चतरा जिले के निवर्तमान जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के विरुद्ध सदर थाना में धोखाधड़ी व जिले के वरीय अधिकारियों व पीएमओ कार्यालय को गुमराह करने का मामला दर्ज किया गया है। दोनों के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 216/25 के तहत भादवि के धारा 467/469/471/420/120 बी/34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सदर थाना क्षेत्र के खरीक गांव निवासी सुबोध सिंह गुड्डू ने बिरजू तिवारी के पत्थर माईंस व क्रशर के उत्खनन व इससे निकलने वाले धूल कण से ग्रामीणों को होने वाली परेशानियों को लेकर जिला प्रशासन और खनन कार्यालय को आवेदन दिया गया था। जब जिला प्रशासन द्वारा माईंस व क्रशर संचालन पर रोक को लेकर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई तो सुबोध सिंह ने प्रधानमंत्री कार्यालय को समस्या से संबंधित पत्र लिखकर सूचित किया। पीएमओ कार्यालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन से मामले की जांच करते हुए संबंधित आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई का निर्देश जारी किया। मामले पर पीएमओ कार्यालय के संज्ञान लेने के बाद माईंस संचालक और खनन कार्यालय ने कार्रवाई से बचने के लिए एक तरकीब निकाली। माईंस संचालक ने चतरा नोटरी से एक शपथ पत्र तैयार कराया। जिसमें यह लिखा गया कि खनन के काननू की जानकारी नहीं होने के कारण मामले की शिकायत पीएमओ कार्यालय से की गई थी। वे अपनी शिकायत वापस लेते हैं। इसपर आवेदक सुबोध सिंह का फर्जी हस्ताक्षर कर खनन कार्यालय को सौंप दिया गया। खनन कार्यालय ने बगैर कोई जांच पड़ताल किए शपथपत्र को पीएमओ कार्यालय भेज दिया। जिसके बाद आगे की कार्रवाई रुक गई। आवेदक सुबोध सिंह ने शपथपत्र में उसका फर्जी हस्ताक्षर की जानकारी होने पर व्यवहार न्यायालय में साक्ष्य के साथ परिवाद पत्र दाखिल करते हुए न्याय की गुहार लगाई। जिसपर न्यायालय ने सदर थाना को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। न्यायालय के आदेश के बाद दोनों के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। ज्ञात हो कि जय शिव कंस्ट्रक्शन के संचालक सह जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। उसी जय शिव कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध बीते फरवरी माह में अवैध रूप से क्षमता से अधिक पत्थर का खनन व परिवहन करने के आरोप में जिला प्रशासन ने 14 करोड़ 18 लाख 3 हजार 610 रुपए का फाइन लगाया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट-25-26-16, दिनांक: 26.06.2025।** कार्य का नाम : आदित्यपुर में द्रुत वाटरिंग व्यवस्था के प्रावधान के लिए अभियांत्रिकी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,24,58,811.18। **बयाना राशि:** ₹2,12,300। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 21.07.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी -रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-325)

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2025-T-249

**कार्य का नाम :** सुगम्य भारत अभियान के अधीन सम्बलपुर मण्डल के खरियार रोड (01), हीराकुद (01), सम्बलपुर सिटी (01) एवं रेढ़ाखोल (01) में स्थित स्टेशन भवनों में 4 संख्यक लिफ्ट का प्रावधान।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 2,03,98,659.31, **EMD :** ₹ 2,52,000/-, **कार्य पूरा होने की अवधि :** स्वीकृतिपत्र जारी होने कि तिथि से 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 16.07.2025 को 1530 बजे।**

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सा) / सम्बलपुर

PR-291/Q/25-26

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई. निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–पीएसएस –02–25–26 दो पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** सीएओ/सी/दक्षिण के अधिकार क्षेत्र के तहत गैर–ईपीसी अनुबंध के माध्यम से निष्पादित विभिन्न निर्माण स्थलों/वर्गो पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं (पीएसएस) प्रदान करना। **अंकलित मूल्य (रू) :** 52,40,49,540.00, **बोली प्रतिभूति (रू):** 27,70,300.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 36 महीने। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 16.07.2025, 12.00 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/493/सीओएन–एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/25–26/40

# चौंकानेवाली जीत

अमेरिका के सबसे बड़े शहर न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी की सफलता केवल चुनावी जीत नहीं, बड़े राजनीतिक और सामाजिक बदलाव की शुरुआत है। उन्होंने मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में पूर्व गवर्नर Andrew Cuomo को पराजित किया। ममदानी अब इतिहास रचने की दहलीज पर खड़े हैं।

**जनता से संवाद :** भारतीय जड़ों वाले 33 साल के इस युवा नेता ने उन लोगों की आवाज उठाई, जो न्यू यॉर्क की चकाचौंध में हाशिये पर समझे जाते हैं। उन्होंने टीवी स्टूडियो, ऑनलाइन इंटरव्यू और महंगे विज्ञापनों से ज्यादा तवज्जो जनता से सीधे संवाद को दी। वह सड़कों पर उतरे, गलियों में गये और आम लोगों से बातचीत कर उनकी नब्ज जानी। न्यू यॉर्क का वर्किंग क्लास इस शहर में बढ़ते खर्च से परेशान है, ममदानी ने इसके समाधान का वादा किया है।

**मध्यम वर्ग की ताकत :** उनके वादों पर गौर करें, तो फ्री पब्लिक ट्रांसपोर्ट, किराये पर लगाम, न्यूनतम वेतन जैसे मुद्दे एक नजर में न्यूयॉर्क जैसे शहर के एजेंडे से बाहर की चीज लगते हैं, लेकिन ममदानी की जीत से जाहिर होता है कि मध्यम वर्ग की समस्या हर जगह एक जैसी है। इस वर्ग को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो उनकी परेशानियों को समझ कर उनका हल पेश कर सके। ममदानी ने बिल्कुल यही किया।

**ममदानी ऐसे वक्त उभरे हैं, जब ट्रंप प्रशासन प्रवासियों को लेकर बेहद सख्त है। वह इस बात के प्रतीक हैं कि अमेरिका में अब भी सपनों के लिए जगह है। हालांकि उनके सामने चुनौतियां कई हैं।**

**युद्ध का फैक्टर :** ममदानी को प्रोग्रेसिव माना जाता है। वह उदार हैं, युवा हैं और अपनी बात स्पष्ट तरीके से रखते हैं - खास कर इस्राइल-हमास जंग के मसले पर उन्होंने बिन्यामिन नेतन्याहू को आड़े हाथों लिया। इसे भी एक अहम फैक्टर माना जा रहा है। अमेरिकी जनता जंग से त्रस्त आ चुकी है। यूक्रेन हो या गाजा - लड़ाई के खर्च का एक बड़ा हिस्सा उसकी जेब से जा रहा है। फिर गाजा में पैदा हुई मानवीय त्रासदी ने भी इस्राइली पीएम नेतन्याहू के खिलाफ गुस्सा पैदा किया है। ऐसे में ममदानी का साफ स्टैंड लेना लोगों को भा गया।

**आगे बड़ी चुनौती :** ममदानी ऐसे वक्त उभरे हैं, जब ट्रंप प्रशासन प्रवासियों को लेकर बेहद सख्त है। वह इस बात के प्रतीक हैं कि अमेरिका में अब भी सपनों के लिए जगह है। हालांकि उनके सामने चुनौतियां कई हैं। उनकी उम्मीदवारी तय होने के बाद राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने उन पर निशाना साधा। वह खुद भी ट्रंप की नीतियों के आलोचक रहे हैं। उनके कुछ बयानों-प्रदर्शनों से भारतीय कम्युनिटी भी नाराज है। अभी तक की उनकी सियासत किसी आंदोलनकारी जैसी रही है, लेकिन अब उनसे ज्यादा परिपक्वता की अपेक्षा होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आपातकाल के दमनचक्र के पहले शिकार वे विपक्षी नेता बने जिन्होंने सरकार की नीतियों का विरोध किया था। हजारों लोगों को कठोर मीसा (मेंटिनेंस ऑफ इंटरनल सेक्युरिटी एक्ट) और भारत रक्षा अधिनियम (डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट) के तहत जेल में डाला गया, इसके बाद धीरे-धीरे देश का हर नागरिक देश पर थोपे गए आपातकाल के इस काले अध्याय के घावों का अनुभव करने लगा था। इस कालखंड में देश की लोकतात्रिंक व्यवस्था के तीन स्तंभ कहे जाने वाले कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पर अभूतपूर्व हमला हुआ। इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार के अविवेकपूर्ण निर्णयों के दंश आज भी देश की जनता के मानस पटल पर एक भयावह स्मृति के रूप में अंकित हैं।**

# आपातकाल का काला अध्याय : एक त्रासद स्मृति



**अर्जुन राम मेघवाल**

पचास वर्ष पूर्व, 25 जून 1975 का दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण दिन था जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश में आपातकाल की घोषणा की, जिसने देश के संविधान की आत्मा को कुचल कर रख दिया। इसके बाद देश में आपातकाल के 21 महीनों ने भारतवासियों की लोकतंत्र, सरकार और संवैधानिक विरासत की समझ को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। यह वह क्षण था, जब लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले भारत को तत्कालीन तानाशाही सरकार के अविवेकपूर्ण और क्रूर निर्णय से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी को 1971 के लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने का दोषी ठहराते हुए उनका लोकसभा के लिए निर्वाचन अमान्य घोषित कर दिया था। इसके बाद इंदिरा गांधी के इस्तीफे की मांग बढ़ती गयी और इसी बीच इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की रात तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को एक सादे कागज पर (बिना कैबिनेट की सहमति और आधिकारिक लेटरहेड के) अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक अशांति के आधार पर देश में आपातकाल लागू करने की सिफारिश कर दी। यह देश की संवैधानिक शासन व्यवस्था पर सीधा प्रहार था। अगले दिन 26 जून 1975 को सुबह 6 बजे कैबिनेट की बैठक में यह विषय औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया गया। इस कदम से देश में कांग्रेस के तानाशाही शासन की शुरुआत हुई। जनता को संविधान से मिली आजादी रातों-रात समाप्त कर दी गयी।

**हमारा संविधान पीढ़ियों की कुर्बानियों, बुद्धिमत्ता, आशाओं और आकांक्षाओं का परिणाम है।**

अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संगठन बनाने और देश के भीतर आने-जाने की स्वतंत्रता एक झटके में खत्म कर दी गयी। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देने वाला अनुच्छेद 21 निरर्थक हो गया। सबसे दुखद यह था कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान के जिस अनुच्छेद 32-जो नागरिकों को न्यायालय जाने का अधिकार देता है– को संविधान की आत्मा कहा था, उसे भी निरस्त कर दिया गया।



आपातकाल के दमनचक्र के पहले शिकार वे विपक्षी नेता बने जिन्होंने सरकार की नीतियों का विरोध किया था। हजारों लोगों को कठोर मीसा (मेंटिनेंस ऑफ इंटरनल सेक्युरिटी एक्ट) और भारत रक्षा अधिनियम (डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट) के तहत जेल में डाला गया, इसके बाद धीरे-धीरे देश का हर नागरिक देश पर थोपे गए आपातकाल के इस काले अध्याय के घावों का अनुभव करने लगा था। इस कालखंड में देश की लोकतात्रिंक व्यवस्था के तीन स्तंभ कहे जाने वाले कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पर अभूतपूर्व हमला हुआ। इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार के अविवेकपूर्ण निर्णयों के दंश आज भी देश की जनता के मानस पटल पर एक भयावह स्मृति के रूप में अंकित हैं। मेरे 90 वर्षीय दादा जी को उसी दौर में अपने रोजमर्रा के काम के दौरान गायों की देखभाल करते हुए ऊंगली में गहरी चोट लग गई थी जिसके इलाज के लिए उन्हें बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन अस्पताल में उन्हें पता चला कि नसबंदी लक्ष्यों को पूरा करने के सरकारी दबाव के चलते डॉक्टर उन्हें जबरदस्ती नसबंदी के लिए तैयार कर रहे हैं। इस अमानवीय स्थिति को भांपते हुए मेरे दादा जी अस्पताल से भाग निकले और बिना इलाज के वापस लौट गए। इस प्रकार जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले अस्पताल भयावह कष्ट देने वाले केन्द्र के रूप में बदल गये थे। हालांकि वे बच गये, लेकिन उस भयावह अनुभव ने पूरे समुदाय को गहरे डर और सदमे से भर दिया था। दुर्भाग्यवश 1975 से 1977 के बीच एक करोड़ से अधिक लोगों की जबरन नसबंदी करा दी गई- यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे शर्मनाक अध्याय बन गया। उस काले दौर में प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग केवल एक परिवार के हित में किस हद तक किया गया, इसका सबसे बड़ा उदाहरण 24 मार्च 1976 को संजय गांधी की बीकानेर यात्रा थी। न तो उनके पास कोई संवैधानिक पद था, न ही वे राजकीय अतिथि थे, फिर भी उनके स्वागत में सरकारी संसाधनों की खुलकर बबार्दी की गयी। उस समय मैं डाक एवं तार विभाग में टेलीफोन ऑपरेटर था और मुझे यह जानकर घोर आश्चर्य हुआ कि रैली में विशिष्ट लोगों के लिए बनाए गए मंच के नीचे अस्थायी टेलीफोन कनेक्शन लगाने के आदेश दिये गये–जबकि ऐसी व्यवस्था केवल प्रधानमंत्री के लिए की जाती है। यह घटना सरकारी तंत्र पर संजय गांधी के न केवल अनुचित प्रभाव को दर्शाती है, बल्कि यह बताती है कि कैसे तत्कालीन सरकारी तंत्र को व्यक्तिगत और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हेतु काम करने के लिए विवश कर दिया गया था। ऐसे दौर में जबकि सामान्य जनता के मौलिक अधिकार छीन लिये गये थे, तब जनता के पैसों से किये गये ऐसे दिखावे संविधान की गरिमा के प्रति घोर उपेक्षा और सरकार के नैतिक पतन को दर्शाते हैं। वह भारत में लोकतंत्र के हनन का सबसे बुरा दौर था।

आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी की सत्तालोलुपता का एक दूसरा उदाहरण 42वें संविधान संशोधन करना था जिसके माध्यम से लोकसभा का कार्यकाल पांच वर्ष से बढ़ाकर छह वर्ष कर दिया गया। ऐसा कर-के लोकतंत्र में जनादेश की गरिमा को और अधिक कम किया गया और आम चुनाव कराए बिना सरकार के कार्यकाल को बढ़ा दिया गया। इस संशोधन के द्वारा संविधान की उद्देश्यिका में तीन नये शब्द सामाजिक, पंथनिरपेक्ष और अखंडता जोड़े गये और ऐसा करके मूल संविधान से छेड़छाड़ की गी। आपातकाल के दौरान सरकार द्वारा 48 अध्यादेश जारी किये गये और इन्हें पारित करने में संसद में चर्चा, विधेयकों की जांच-पड़ताल और संशोधन करने की प्रक्रिया की अनदेखी की गयी।

हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस समय मात्र 25 वर्ष के थे, लेकिन उन्होंने साहसपूर्वक इस तानाशाही शासन का विरोध किया। उन्होंने अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग नामों से भूमिगत रहकर गुप्त बैठकों का आयोजन किया और आपातकाल विरोधी साहित्य एवं पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन एवं वितरण में यत्न से जुटे रहे। जब आरएसएस को प्रतिबंधित कर दिए जाने के कारण इसे भूमिगत होना पड़ा तब मोदी जी ने गुजरात लोक संघर्ष समिति के महासचिव के रूप में लोकतंत्र की रक्षा हेतु अहम भूमिका निभायी।

विगत में संविधान की आत्मा पर किए गए गहरे प्रहार की याद में मोदी सरकार ने 11 जुलाई 2024 को जारी की गयी गजट अधिसूचना के माध्यम से 25 जून का दिन संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। यह दिन उस विश्वासघात की याद दिलाता है जो आपातकाल के दौरान संविधान के मूल सिद्धांतों के साथ किया गया था।

यह प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र का जागरूक प्रहरी बनने की प्रेरणा देता है, ताकि हम इतिहास के उन काले अध्यायों से सीख प्राप्त करें और हम काफी यत्न से प्राप्त की गयी स्वतंत्रता के मूल्यों की रक्षा कर सकें। देश में आपातकाल का काला अध्याय 50 वर्ष पहले समाप्त हो गया है लेकिन वह भयावह दौर हमें इस बात की याद दिलाता है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमें हमेशा सजग प्रहरी बने रहने की आवश्यकता है।

हमारा संविधान पीढ़ियों की कुर्बानियों, बुद्धिमत्ता, आशाओं और आकांक्षाओं का परिणाम है। आज जब भारत हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत @ 2047 की ओर अग्रसर है, तो हमें एक जीवंत और विकसित लोकतांत्रिक राष्ट्र के निर्माण हेतु अपने नागरिकों के संकल्प से सामर्थ्य प्राप्त कर राष्ट्र की पवित्रता की रक्षा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को एक बार फिर से दोहराने की आवश्यकता है।

**(लेखक : केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# जहां सोच-श्रद्धा और सेवा है वहां महाप्रभु जगन्नाथ हैं : काले

- देवनगर, बाराद्वारी की भव्य रथयात्रा में शामिल हुए काले, श्रद्धा और आस्था का उमड़ा जनसैलाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बाराद्वारी स्थित देवनगर गांधी आश्रम श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित भव्य रथयात्रा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा जी की पारंपरिक रथयात्रा ने सम्पूर्ण क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।



इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने महाप्रभु के रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया और श्रीजगन्नाथजी के श्रीचरणों में नमन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।

श्री काले ने कहा कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का उत्सव है, बल्कि यह हमें एकता, सेवा और समर्पण का भी संदेश देती है। हमारा शहर एक शांतिप्रिय और सौहार्दपूर्ण समाज का प्रतीक है, जहां हर पर्व और त्योहार मिल-जुलकर उल्लासपूर्वक मनाया जाता है। यहां जनमानस की श्रद्धा और भक्ति देख कर गर्व और आनंद होता है। मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान जगन्नाथ की कृपा सदैव सभी श्रद्धालुओं और देशवासियों पर बनी रहे। रथयात्रा से पूर्व विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। रथ खिंचाई के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति की अद्भुत छवि देखने को मिली।

# टॉपर शांभवी जायसवाल को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने एक लाख की प्रोत्साहन राशि सौंपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की होनहार बेटी और लोयोला स्कूल की छात्रा शांभवी जायसवाल ने आईसीएससी 2025 की 10वीं बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर पूरे देश में झारखंड का नाम रोशन किया। शांभवी ने सभी विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर देशभर में टॉप किया।शुक्रवार को शांभवी जायसवाल के असाधारण उपलब्धि पर खुसी जाहिर करते हुए झारखण्ड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने एक लाख की प्रतिभा प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। जमशेदपुर परिसदन में आयोजित सम्मान समारोह में मंत्री रामदास सोरेन ने शांभवी के माता पिता को भी गुलदस्ता भेट कर सम्मानित किया।



शांभवी जैसी प्रतिभाएं झारखंड की पहचान :- शिक्षा मंत्री

मंत्री रामदास सोरेन ने कहा शांभवी की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है।शांभवी की सफलता के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी बधाई दी। मंत्री श्री सोरेन ने कहा झारखंड में हेमंत सरकार पूर्व से भी होनहार विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग करती रही और आगे भी जारी रहेगी। मंत्री ने कहा शांभवी की मेहनत,लगन और अनुशासन हर छात्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपील की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करें। यह न केवल एक छात्रा के सफलता की कहानी बल्कि अनुशासन,निरंतर अभ्यास,परिवार और संस्थान के सहयोग से कोई भी विद्यार्थी मुकाम हासिल कर सकते है।शांभवी के प्रयास राज्य के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

शांभवी ने मंत्री रामदास सोरेन के प्रति जताया आभार,आगे भी उपलब्धि के लिए इच्छा जताई।

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के हाथों सम्मानित होने के बाद शांभवी के चहरे खिल उठी।उन्होंने पत्रकारो के समक्ष कहा शिक्षा मंत्री के द्वारा सम्मानित किए जाने से शिक्षा के प्रति मनोबल बड़ा है।उन्होंने राज्य के हेमंत सरकार और शिक्षा मंत्री के प्रति आभार जताया।शांभवी ने अपने माता-पिता,शिक्षकों और स्कूल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण बताया। शांभवी ने कहा वह आगे भी अपने राज्य और देश का नाम रोशन करना चाहती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, झामुमो के वरिष्ठ नेता मोहन कार्माकर, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, बड़ी संख्या में शिक्षक-छात्र उपस्थित रहे।

# दिनेश कुमार ने भगवान जगन्नाथ से लिया आशीर्वाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के पावन अवसर पर लौहनगरी जमशेदपुर के विभिन्न मंदिरों से पारंपरिक रूप से रथ यात्रा निकाली गयी। शुक्रवार को बिष्टुपुर श्रीराम मंदिर, साकची उत्कल एसोसिएशन, बाराद्वारी गांधी आश्रम और मानगो हनुमान मंदिर सहित कई स्थलों पर भव्य आयोजन हुआ। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने विभिन्न स्थलों की रथ यात्राओं में भाग लिया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर रथ की रस्सियां खींचीं और भगवान से सर्वकल्याण, सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। दिनेश कुमार ने कहा कि रथ यात्रा भारतीय संस्कृति और आस्था का जीवंत उदाहरण है, जो हमें भक्ति, सेवा और एकता का संदेश देती है। मौके पर अशोक सामंत, हरीश कुमार, किसलय, यश कुमार आदि उपस्थित रहे।



# सिविल कोर्ट में पेयजल उपकरण का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी ने शुक्रवार को साकची स्थित सिविल कोर्ट परिसर में तीन नल वाले पेयजल उपकरण और 80 लीटर की ठंडे पेयजल कियोस्क का उद्घाटन किया। साथ ही 100 लीटर क्षमता के 10 डस्टबिन और 10 पौधे भी दान किए.इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अजीत कुमार सिंह, विमलेश कुमार सहाय, डालसा सचिव, जिला बार संघ के सचिव कुमार राजेश रंजन सहित कई न्यायिक पदाधिकारी एवं कोर्ट के कर्मचारी व रोटरी क्लब की ओर से जिला गवर्नर आरटीएन बिपिन चाचान, आरटीएन शिल्पी चाचान, अध्यक्ष शिवानी गोयल, सचिव डॉ. प्रियंका सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक मंगल कालिंदी ने रस्सी खींच कर लिया आशीर्वाद

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा के अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बिष्टुपुर राम मंदिर, जुगसलाई रथ गली हनुमान मंदिर, कदमा नारवा और बड़ा गोविंदपुर खाखरीपाड़ा में आयोजित रथ यात्राओं में भाग लिया। विधायक ने रस्सी खींचकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया।विधायक ने कहा रथ यात्रा हमें त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ सेवा का पाठ पढ़ाती है। यह पावन यात्रा झारखंडवासियों के जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता लाए यही कामना करते है। इस अवसर पर हजारों हजार की संख्या मे श्रद्धालु शामिल रहे।



### संविधान से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द हटाने की आरएसएस की मांग पर बोला हमला

# यह भारत की आत्मा पर हमला, बाबा साहेब और जयप्रकाश नारायण का अपमान : कुणाल षाड़ंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारतीय संविधान से ₹सेक्युलर₹ और ₹सोशलिस्ट₹ शब्दों को हटाने की सार्वजनिक मांग पर देशभर में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया।यह विवाद ऐसे समय में सामने आया जब देश में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियाँ जोरों पर हैं। ऐसे में यह बयान राजनीतिक गलियारों में बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। शुक्रवार को जमशेदपुर परिसदन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने इस मुद्दे पर पत्रकारों के समक्ष तीखी प्रतिक्रिया दी।श्री षाड़ंगी ने कहा भारतीय जनता पार्टी को बौद्धिक मार्गदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मिलता है।संघ द्वारा संविधान की मूल आत्मा धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद पर सीधा प्रहार किया गया। यह केवल दो शब्दों को हटाने की बात नहीं बल्कि भारत की लोकतांत्रिक नींव और समानता के सिद्धांतों पर हमला है।उन्होंने आगे कहा यह मांग न सिर्फ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जैसे संविधान निमार्ताओं का अपमान है।जिन्होंने भारत को एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में परिभाषित किया।यह जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी विचारधारा के जननायकों का भी निरादर है।जिन्होंने भारत को समाजिक न्याय और समता का रास्ता दिखाया। झामुमो नेता ने इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से जवाब देने के लिए आग्रह किया।उन्होंने कहा देश को यह जानने का अधिकार है क्या भाजपा इस विचारधारा के साथ खड़ी है? क्या भाजपा भारत को एक धार्मिक राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है? उन्होंने कहा आरएसएस की यह मांग भारत की आत्मा, संविधान की आत्मा और बाबा साहेब के विजन पर सीधा हमला है। इस अवसर पर राजा सिंह प्रमोद लाल शामिल रहे



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 जून, 2025
www.azadsipahi.in
07

## रंका में किसानों के बीच 16 क्विंटल मक्का और मडुवा बीज का वितरण



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने 25 जून 2025 को किसानों के बीच 16 क्विंटल मक्का और मडुआ बीज का वितरण किया। जिससे 6 क्विंटल कडुआ और 10 क्विंटल मक्का बीज शामिल है। इसके संबंध में बीटीएम त्रिभुवन सिंह ने आजाद सिपाही को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में खरीफ मौसम में किसानों के बीच एनएफएसएम कोर्स सीरियल एवं एनएफएसएम फैक्ट्री सीरियल के तहत 6 क्विंटल मडुवा और 10 क्विंटल मक्का बीज प्राप्त हुआ है।जिसे चयनित गांव कुद्रुम और खुरा में मक्का तथा सेवाडीह एवं शेरासाम गांव में मडुआ बीज का वितरण किया गया। जिसका शुभारंभ रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, बीटीएम त्रिभुवन सिंह,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि चप्पू चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर काफी संख्या में महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शिक्षक का हार्ट अटैक से निधन



केतार (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शिक्षक प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत अंतर्गत दासीपुर गांव निवासी धनंजय विश्वकर्मा लगभग उम्र 36 की तबीयत शुक्रवार की अहले सुबह अचानक बिगड़ गयी। उनके सीने में जोर से दर्द होना शुरू हुआ। आनन फानन में परिजनों ने इलाज हेतु सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल के लिए रेफर किया। जहां रास्ते में ही शिक्षक धनंजय विश्वकर्मा का मृत्यु हो गया। सदर अस्पताल गढ़वा के चिकित्सकों ने विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि पहले से उनका तबीयत ठीक था अचानक सीने में दर्द होने लगा एवं सांस लेने में परेशानी होने लगी थी। गढ़वा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया। मृत्यु की खबर जैसे ही गांव में मिली तो प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। धनंजय विश्वकर्मा भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनके 13 वर्ष की एक पुत्री और 6 और 10 वर्ष के दो पुत्र है।

## चिरइया टांड़ के सुकन साह बैजनाथ धाम के लिए रवाना



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी (क) पंचायत के चिरईया टाड गांव के निवासी सुकन साह पैदल यात्रा करते हुए बाबा भोले के नगरी बाबा बैजनाथ धाम को पैदल यात्रा मे निकले यात्रा में निकलने से पूर्व परिवार के सदस्य समेत गांव के लोगों के साथ स्थानीय शिव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस संबंध में शिव भक्त सुकन साह से पूछे जाने पर बताया कि भगवान भोले संकर पर आस्था को लेकर हम घर से पैदल ही 600 किलोमीटर का दूरी तय कर सावन माह में जल चढ़ाने का संकल्प लेकर निकल रहा हूं। प्रतिदिन 30 किलोमीटर पैदल रेगने का लक्ष्य है आज के बीसवें दिन बाबा बैजनाथ धाम मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इनके यात्रा के शुभारंभ में मुख्य रूप से पुरोहित अवधेश उपाध्याय ने गांव के बाबा भोलेनाथ के मंदिर मे विधिवत पूजा अर्चना कराये। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो कुंवर सिंह मंटू गुप्ता बैजनाथ साह विनोद गुप्ता, सुग्रीव प्रजापति, लव यादव, जय कुमार महतो, आनंद गुप्ता सुमित दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष थे उपस्थित।

## शिवाला मंदिर में नौ दिवसीय रामकथा शुरू



रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के नीचे बाजार शिवाला मंदिर के प्रांगण में नौ दिवसीय प्रभु श्री रामकथा गुरुवार को श्री रामदरबार के चित्र पर पूजा पाठ व आरती के बाद संगीतमय रामकथा का शुरूआत पंडित श्री दुर्गेश नंदन जी महाराज के द्वारा कही गयी। इस दौरान प्रयागराज अयोध्या से आये पंडित श्री दुर्गेश नंदन जी महाराज ने कहा कि आज लोग अपने धर्म के नहीं बल्कि पश्चिमी सभ्यता को बहुत ही तेजी के साथ अपना रहे है। जिसके कारण आज हरेक घरों में भी अफरा तफरी मची हुई है। शुकून छीन सा गया है सोशल मीडिया के सहारे जिंदगी अपना जीवन बसर कर रहे है। कहा कि आज हम सभी को मर्यादा पुरुषोतम श्री राम के आदर्श को उतारने की जरूरत है। उन्होंने श्री रामकथा महत्व के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डाक्टर पारसनाथ,बबलू गुप्ता,अर्जुन कुमार,जितेंद्र कुमार,टुनटुन सोनी,बिपुल गुप्ता,पवन गुप्ता सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण भूमिका है।

## पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों को एमएसएमइ योजना की दी जानकारी




मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चामा पंचायत सचिवालय में एमएसएमई कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस के अध्यक्ष सुनैना देवी की अध्यक्षता में की गयी। कार्यक्रम में अग्रगति संस्था के सीएफएल सेंटर कोऑर्डिनेटर गुरूदेव विश्वकर्मा के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय समावेशन की जानकारी दिया गया। मौके पर ग्रामीणों को आरबीआई एवं बैंकिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी के साथ-साथ साथ नियमित बचत करने एवं सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, साईबर क्राइम, मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, पर विस्तृत जानकारी देते हुए बैंक से लिए गए ऋण को ससमय वापस कर अपना क्रेडिट बनाए रखने की अपील की गई। कार्यक्रम में सुजीत कुमार, विशाल कुमार ठाकुर, किशुन विश्वकर्मा, सहिना खातून, सविता देवी, ललिता देवी, रशीद अंसारी आदि शामिल थे।

**खबर का असर : एसडीएम ने डंडई में अवैध देशी शराब को लेकर चलाया सर्च अभियान**

# दो शराब भट्ठियां ध्वस्त महुआ जावा किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई/ गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा अवैध शराब के व्यापार पर कड़ाई जारी है। प्राप्त शिकायतों के आलोक में शुक्रवार को उन्होंने डंडई प्रखंड के जरही गांव जाकर थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी को साथ लेकर सघन सर्च अभियान एवं छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान उन्हें दो अवैध शराब भट्ठियां चलती हुयीं मिलीं। मिनी फैक्ट्री की शक्ल में इन दोनों अवैध शराब भट्ठियों को उन्होंने मौके पर मौजूद डंडई थाना पुलिस बल की मदद से ध्वस्त करवा दिया। इसके अलावा एक घर के बेसमेंट में शराब निर्माण की सामग्री एवं उपकरणों के अलावा एक गैलन में निर्मित शराब रखी पाई गई। उक्त सभी सामग्रियों को भी मौके पर नष्ट कर दिया गया।




**जरही बाजार में महुआ शरा[ब] की हो रही खुलेआम बिक्र[ी]**
ग्रामीण बोले- शराब बिक्री और लोगों को पीने से बाजार करने वाली भीड़ पर पड़ रहा दुष्परिणाम
आजाद सिपाही संवाददाता

सर्च अभियान के दौरान भट्ठी को ध्वस्त करते थाना प्रभारी और 17 जून को छपी खबर की कटिंग।

**थाना को नियमित गश्ती करने का निर्देश :** उन्होंने उत्पाद विभाग और डंडई थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि जरही गांव में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री को लेकर लगातार शिकायतें मिलती हैं, नशे के उक्त अवैध कार्य पर प्रभावी रोकथाम के लिए उन्हें नियमित कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि शराबखोरी हमेशा से विधि व्यवस्था बनाए रखने में सबसे बड़ी बाधक बनती है।

**मुखिया और चौकीदार भी रहें सक्रिय :** एसडीएम में कहा कि उनके अनुमंडल क्षेत्र में यदि किसी भी गांव में संगठनात्मक रूप से इस प्रकार के अवैध शराब के ऐसे कारखाने मिलते हैं तो संबंधित मुखिया और चौकीदार पर भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुखिया और ग्राम चौकीदार का भी दायित्व है कि वे अपने गांव में दिनदहाड़े चल रही इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस और प्रशासन को दें।

**कार्रवाई जारी रहेगी :** संजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से इस गांव पर वे नियमित नजर रखेंगे। उन्हें शिकायत मिली है कि हर रविवार यहां लगने वाले बाजार में खुलेआम अवैध शराब की बेरोकटोक बिक्री होती है, जिससे हमेशा इस गांव में अशांति और तना-तनी का माहौल रहता है। यदि उनकी आगामी स्थल जांच में इस शिकायत को सही पाया जायेगा तो इसके लिए उत्पाद विभाग के संबंधित कर्मियों और स्थानीय पुलिस की जवाबदेही सीधे तौर पर तय की जायेगी।

## अनंत प्रताप देव ने पंचायतों में भ्रमण कर शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भ्रमण कर शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। जिसमें मुख्य रूप से सिलिदाग पंचायत के सीताराम चंद्रवंशी,बद्री राम के पत्नी पार्वती देवी व स्वर्गीय रूपेण राम चंद्रवंशी के साथ ही भागोडीह पंचायत के चुन्दी गांव के ब्रजपात से हुई मौत हुए लखन भुईयां व संग्दीध अवस्था में कुएं में मिला विकेश साह के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद दिलाने की बात कही। इस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने मृतक के घर पहुंचकर शोक जताते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर मेहता, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना पासवान, सचिव राकेश सिंह, संदीप कुमार चंद्रवंशी, अनिल गुप्ता, रामचंद्र राम,पवन गुप्ता, सोनू सिंह, नागेंद्र सिंह, सुनील राम, बबलू सिंह,सोनू सिंह, राजकुमार, लालमन मेहता, विनोद गुप्ता, राजीव कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## एसडीएम ने मझिआंव में दो विकास योजनाओं की जांच की

**वार्ड तीन में तालाब सौंदर्यीकरण और वार्ड 11, खजुरी में पीसीसी सड़क निर्माण की हुई जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह द्वारा की गयी शिकायत के आलोक में जिला से प्राप्त जांच के आदेश के अनुपालन में सदर एसडीएम संजय कुमार ने मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही दो प्रमुख विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों की मौजूदगी में शिकायत के बिंदुओं पर जांच की। निरीक्षण और जांच के दौरान एसडीएम ने वार्ड संख्या 3 में हो रहे तालाब सौंदर्यीकरण कार्य की स्थिति जानी। इस योजना के तहत बाउंड्री वॉल और अन्य कार्य किए जा रहे हैं। संजय कुमार ने मौके पर निर्माण की गुणवत्ता और काम की प्रगति, भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने वार्ड संख्या 11, खजूरी में हुए पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने सड़क की लंबाई, चौड़ाई, मोटाई और निर्माण सामग्री की जांच की तथा तकनीकी कर्मियों से बातचीत कर कार्य की तकनीकी स्थिति समझी। इस निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार तथा नगर पंचायत के तकनीकी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत के सभी तकनीकी अधिकारियों से आवश्यक पूछताछ भी की गयी। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि जांच प्रतिवेदन तैयार कर जिला के वरीय पदाधिकारियों को को सौंपा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनियमितता की स्थिति में संबंधित एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की अनुशंसा की जायेगी।

## विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर एसडीएम ने की जांच, सीओ से मांगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मझिआंव प्रखंड अंतर्गत रपुरा गांव के प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा जबरदस्ती जोत कोड़ के आरोप संबंधी शिकायत की स्थल जांच की। इस दौरान वे अपने साथ अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी तथा अमीन को भी साथ ले गए थे। मौके पर पहुंचकर उन्होंने न केवल शिकायत करने वाले प्रधानाचार्य बल्कि जिन पर अतिक्रमण का आरोप था उन किसानों को तथा स्थानीय लोगों को भी बुलाया गया था। सभी पक्षों से आवश्यक पूछताछ कर एसडीएम ने अंचल अधिकारी एवं उनकी राजस्व टीम को दो दिनों में नापी एवं अन्य जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा।

एसडीएम ने संबंधित प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि जब भी विद्यालय में कोई कानून व्यवस्था से जुड़ा विषय सामने आए तो वे प्रशासनिक पदाधिकारियों को शिकायत के साथ साथ अपने जिला शिक्षा अधीक्षक या प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को जरूर बताएं।

## आदित्यपुर में नकली पुलिस बनकर वसूली करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बोलेरो वाहन में पुलिस बोर्ड लगाकर करते थे भय पैदा, हुंडई वरना कार जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** आदित्यपुर क्षेत्र के ऑटो क्लस्टर के समीप ट्रैफिक पोस्ट के पास नकली पुलिस बनकर अवैध वसूली करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गौतम कुमार और कुख्यात अपराधकर्मी विक्की नंदी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में विक्की नंदी को मास्टरमाइंड बताया जा रहा है।उल्लेखनीय है आरोपी बिना नंबर प्लेट वाली बोलेरो में काले शीशे और पुलिस का बोर्ड लगाकर राहगीरों से डराकर वसूली कर रहे थे। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल गठित किया गया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया।पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही हुंडई वरना कार को भी जब्त किया गया है।जिसका उपयोग आरोपी कर रहे थे। इससे पहले 9 जून को विक्की नंदी के बड़े भाई बिट्टू नंदी को भी इसी मामले में जेल भेजा जा चुका है।पुलिस अब इस फर्जीवाड़े से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गयी है।

## विश्व एमएसएमइ दिवस पर सीआइआइ झारखंड ने विशेष सत्र का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** विश्व एमएसएमई दिवस 2025 के अवसर पर सीआईआई झारखंड द्वारा स्केलिंग एमएसएमईएस टू नई हाइट्स विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमईएस को वित्तीय पहुंच, सरकारी योजनाओं की जानकारी,स्किल डेवेलपमेंट और डिजिटल परिवर्तन के जरिये प्रतिस्पर्धी एवं भविष्य-उन्मुख बनाने पर केंद्रित करना रहा। कार्यक्रम में सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के उपाध्यक्ष दिलू पारिख, जमशेदपुर जोनल काउंसिल के उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाला, एमएसएमई पैनल संयोजक राजीव बंसल, पूर्व चेयरमैन रंजीत सिंह, सह-संयोजक राजीव शुक्ला एवं पूर्व चेयरमैन तपस साहू समेत कई उद्योग जगत के प्रमुख वक्ताओं ने एमएसएमई सेक्टर के चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार साझा किया। वक्ताओं ने एमएसएमई को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में रीढ़ की हड्डी बताते हुए स्थायित्व, नवाचार, और ग्लोबल वैल्यू चेन से जुड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यक्रम में सरायकेला-खरसावां जैसे औद्योगिक क्षेत्रों की भूमिका की सराहना की गई और सीआईआई के मार्गदर्शन में नए विचारों और सहयोग की भावना को बल मिला।सीआईआई झारखंड ने एमएसएमईएस को प्रशिक्षण, नेटवर्किंग और नीति संवाद के माध्यम से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में पतरिया और खरौंधा की टीम विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में दो आयु वर्गों 17 वर्षीय और 15 वर्षीय बालक वर्ग में मुकाबले खेले गये। 17 वर्षीय बालक वर्ग में जमा दो उच्च विद्यालय खरौंधा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में जमा दो उच्च विद्यालय गरदाहा को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस वर्ग में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया। वहीं 15 वर्षीय बालक वर्ग में कुल 17 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबला जमा दो उच्च विद्यालय कांडी और मध्य विद्यालय पतरिया के बीच खेला गया। निर्धारित समय और पेनाल्टी शूटआउट में स्कोर बराबर रहने के बाद मैच का निर्णय टॉस से किया गया, जिसमें मध्य विद्यालय पतरिया विजयी रही। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में जमा दो उच्च विद्यालय गरदाहा ने मध्य विद्यालय अधौरा को 2-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और विद्यालय के प्राचार्य निरंजन साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मैच रेफरी के रूप में लक्ष्मण राम और रौशनदीप टोप्पो ने अपनी भूमिका निभायी। इस अवसर पर बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता, बीआरपी जय प्रकाश लाल, सीआरपी प्रभु राम, खेल शिक्षक राजेश चंद्रवंशी, अजय कांत, आशा कुमारी, शिक्षक महमूद अली और अवध विहारी यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सीवरेज निर्माण कार्य की धीमी गति पर विधायक सरयू राय ने जतायी चिंता

**टाटा स्टील यूआइएसएल को लिखा पत्र**

**जलजमाव से जूझ रहे कई मोहल्ले, अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने का दिया सुझाव।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा किए जा रहे सीवरेज-ड्रेनेज निर्माण कार्य की धीमी गति और अधूरे हालात को लेकर विधायक सरयू राय ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर जलजमाव से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी दी और निर्माण कार्य तेज करने व जल प्रवाह की व्यवस्था सुचारू रखने की मांग की।सरयू राय ने पत्र में कहा क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोनारी अमृता अपार्टमेंट, निर्मल बस्ती की जाहिरा कॉलोनी, और गांधी रोड सहित कई स्थानों पर सीवरेज कार्य अधूरा पाया गया है। बरसात का पानी इन क्षेत्रों के घरों में घुस रहा है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। संवेदकों द्वारा गड्ढा खोदकर छोड़ दिए जाने के कारण आवागमन बाधित है और रहवासी परेशान हैं। विधायक ने अधूरे निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं, जहां कार्य पूरा नहीं हो सकता, वहां मलबा हटाकर जल प्रवाह सुचारू किया जाये।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# लोहरदगा-लातेहार में रथयात्रा की धूम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला में ऐतिहासिक रथ यात्रा उमंग, उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। जय जगन्नाथ, जय श्री राम आदि के जयघोष करते हुए श्रद्धालु भगवान के रथ को खींचे। रथ यात्रा के मौके पर भक्ति का माहौल रहा। अहले सुबह से ही शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर, चंद्रशेखर आजाद चौक स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर, तिवारी दूरा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना करनेवालों की भीड़ लगी रही। इस दौरान शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर के आस पास मेला का दृश्य जैसा प्रतीत हो रही थी। पूजा सामग्रियों की अस्थायी तौर पर दुकाने व ठेला लगा था। पूजा दुकानों पर बताशा, इलायची दाना, फूल, बेलपत्र, सिंदूर, रोड़ी, अछत, मौली धागा, नारियल आदि की दुकान सजी हुई थी। दोपहर बाद रथयात्रा निकाली गयी। भगवान के विग्रहों को रथारूढ़ कर शहर का परिभ्रमण कराया गया। जगन्नाथ स्वामी के रथ को ईस्ट गोला रोड स्थित मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। जहां भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ नौ दिन तक मौसीबाड़ी में रहेंगे। घुरती रथ के अवसर पर भगवान जगन्नाथ को गुदरी बाजार स्थित जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर में लाया जायेगा। मेला को लेकर लोगों में भक्ति के साथ उत्साह देखा गया। शहरी क्षेत्र के अलावा दूर दराज से लोग रथ यात्रा में शामिल हुए। रथयात्रा के दौरान हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं व रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इधर ऐतिहासिक रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। सुरक्षा की कमान खुद एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा संभाल रही थी। ड्रोन कैमरा के माध्यम से रथयात्रा की निगरानी किया जा रहा था।



## पूजा-अर्चना कर गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी रथयात्रा

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार, चंदवा में भगवान जगन्नाथ की जय और माता सुभद्रा की जय के गगनभेदी उद्घोष के बीच भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलराम और माता सुभद्रा की रथ यात्रा लातेहार और चंदवा में निकली। शहर के ठाकुरबाड़ी से पूजा अर्चना और आरती के बाद शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली. मौके पर मुख्य यजमान के रूप में मंदिर के संरक्षक योगेश्वर प्रसाद सप्त्नीक चंदवा में पुजारी पंडित घनश्याम मिश्रा और संरक्षक लाल प्रेरित नाथ शाहदेव परम्परा को निर्वहन करते हुए। शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर (ठाकुरबाड़ी) से प्रारंभ होकर मुख्य सड़क होते हुए थाना चौक, बाइपास चौक, अम्बाकोठी, शहीद चौक, जुबली चौक समेत कई मुहल्लों में पहुंची, यहां श्रद्धालुओं ने रथ का भव्य स्वागत किया व रथ यात्रा में शामिल हुए. नगर भ्रमण के बाद रथ यात्रा देर शाम धर्मपुर स्थित मौसीबाड़ी पहुंची। जहां पूजा-अर्चना कर लोग अपने-अपने घर लौट गये। साथ ही चंदवा में कामता गढ़ से रथ मौसी बाड़ी के लिए भगवान पहुंचे इसके पूर्व महंत दिलीप उपाध्याय द्वारा उच्चारित मंत्रों के बीच यजमान योगेश प्रसाद शौंडिक और उनकी पत्नी रीना देवी ने मंदिर परिसर में ही भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलराम एवं माता सुभद्रा के विग्रहों की आरती उतारी। तत्पश्चात रथ को श्रद्धालुओं ने खींचकर यात्रा प्रारंभ की। ऐसी मान्यता है कि इस रथ यात्रा में शामिल होने से मनुष्य का संताप दूर हो जाता है व ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। भगवान जगन्नाथ के रथ को आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान द्वारा सजाया गया था। संस्थान द्वारा भजन कीर्तन को लेकर वाद्य यंत्र की भी व्यवस्था की गयी इस आयोजन में राजमणि प्रसाद, राजधनी प्रसाद यादव, निर्मल महलका, रामनाथ अग्रवाल, युगेश्वर प्रसाद, विजय गुप्ता, श्याम अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, विजय प्रसाद गुप्ता, राजेश अग्रवाल, अशोक गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय, श्याम मूर्ति गुप्ता और विपिन कुमार समेत कई लोगों का सराहनीय भूमिका रही।



## भंडरा में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान का रथ खींचा

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शुक्रवार को ऐतिहासिक रथयात्रा निकली। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ में आरूढ़ होकर अपने सभी विग्रहों के साथ मौसीबाड़ी पहुंच गए। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के रथ को खींचकर आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सबसे ज्यादा आकर्षण भगवान जगन्नाथ का फूलों से सजाया गया रथ था। रथ की सजावट से लोग मंत्रमुग्ध थे। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के हरि बोल-हरि बोल के उद्घोष से पूरा माहौल गूंज रहा था। रथयात्रा ठाकुरबाड़ी से शुरू होकर अखिलेश्वर धाम स्थित मौसीबाड़ी पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान भगवान के मौसीबाड़ी जाने के दौरान कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के भजन और जयकारा सुनकर भाव विभोर हो रहे थे। मौसीबाड़ी में भगवान नौ दिनों तक विश्राम कर रोजाना भक्तों को अपने अलग-अलग रूपों में दर्शन देंगे। इसके बाद फिर से भगवान रथ में सवार होकर ठाकुरबाड़ी लौटेंगे। रथयात्रा मेला में भंडरा, लोहरदगा, कुडू के अलावा गुमला और रांची के विभिन्न गांवों के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।



## कुड़ू के दुर्गाबाड़ी में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की रही भीड़

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को कुडू में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली। सुबह इंदिरा गांधी चौक स्थित बिड़ला शिव मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रथ पर विराजमान कर श्रद्धालु भक्तों द्वारा रस्सियों से खींचते हुए कुडू बाजार टांड़ स्थित दुर्गा बाड़ी लाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के जयकारे से वातावरण गुंज उठा दुर्गा बाड़ी में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो देर शाम तक बनी रही। जहां श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। यहां से रथ बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर, मौसीवाड़ी पहुंचा। परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ यहां नौ दिवसीय प्रवास के उपरांत पुनः रथ द्वारा बिड़ला शिव मंदिर लौटेंगे। इधर आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति के सहयोग से आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। मौके पर धीरज प्रसाद, ज्योति कुमार, संतोष प्रसाद, संजय चौधरी, प्रदीप वैध सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# हरकट्टा जंगल में पुलिस -नक्सली मुठभेड़, गोली-बारूद बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा और लातेहार की सीमा पर स्थित हरकट्टा जंगल में पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी, जिसमें पुलिस दल पर नक्सलियों ने फायरिंग की, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। हालांकि नक्सली अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गये। मुठभेड़ के बाद चलाये गये सर्च ऑपरेशन में पुलिस ने बड़ी मात्रा में हथियार, कारतूस, मोबाइल फोन, नकदी और नक्सली साहित्य बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह छापामारी की गयी थी, जिसमें बताया गया था कि जेजेएमपी का सुप्रीमो रविंद्र यादव सहित सचिन, विशाल, कालेश्वर खेरवार एवं शिवजी अपने दस्ते के साथ किसी बड़ी उग्रवादी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा एवं कमांडेंट, 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लातेहार के निर्देश पर एक संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ किस्को वेदांत शंकर द्वारा किया गया। साथ ही जी कंपनी, सशस्त्र सीमा बल किस्को के कमांडर इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे, थाना प्रभारी जोबांग हर्षवर्धन सिंह, कैरो कुलदीप राज टोप्पो, पेशरार गैलन रजवार, बगरू नरेश कुमार यादव, तकनीकी शाखा, क्यूएटी बड़कीचांपी, सेट-75 एवं अन्य बल शामिल थे। जब छापामारी दल हरकट्टा से आगे बढ़ते हुए लातेहार जिला अंतर्गत ग्राम केदलीटोली पहुंचा, तो उग्रवादियों द्वारा पुलिस बल को लक्ष्य कर गोलीबारी की गयी। जवाबी कार्रवाई में बलों द्वारा सतर्कता के साथ फायरिंग की गयी, जिससे जंगल एवं अंधेरे का लाभ उठाकर नक्सली भाग निकले। सर्च ऑपरेशन में एसएलआर मैगजीन 1, 7.62 मिमी की 51 जिंदा गोली, 7.62 के 2 खोखा, इंसास राइफल के 2 खोखा, एके 47 का 1 खोखा, मैगजीन पाउच 1, एंड्रॉयड मोबाइल 5, कीपैड मोबाइल 3, वॉकी-टॉकी 1, पावर बैंक 1, नकद 3100, नक्सली पर्चा, डायरी और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री बरामद किया गया है। एसपी कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि यह अभियान राज्य सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाये जा रहे व्यापक नक्सल विरोधी अभियान का हिस्सा है।



# लोहरदगा में दादी-पोते की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के भक्सो डूमरटोली गांव से एक ही परिवार के दो लोगों की हत्या कर दी गयी। मृतकों की पहचान बरिया उरांव (महिला) और उसके नाबालिग पोते के रूप में की गयी है। इस जघन्य वारदात ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

परिवार के अन्य सदस्यों के अनुसार, घटना रात के समय की है जब सभी लोग अपने-अपने कमरों में सोये हुए थे। सुबह जब घर के अन्य लोग महिला और किशोर को देखने पहुंचे, तो दोनों के शव अलग-अलग कमरों में पड़े मिले। नाबालिग की हत्या धारदार हथियार से की गयी थी, जबकि महिला की हत्या गला दबाकर की गयी। घटना की सूचना पर सदर थाना के थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र किये, लेकिन हत्या में प्रयुक्त हथियार अभी तक बरामद नहीं हुआ है। लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा भक्सो गांव में वृद्धा और किशोर की हत्या की घटना सामने आयी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्या के कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। इस घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। परिजन और ग्रामीणों में डर और गुस्सा दोनों देखा जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाये।

# नदी के तेज बहाव में फंसा युवक रेस्क्यू टीम ने बचायी जान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बेड़ो-लोहरदगा मुख्य मार्ग के बरही स्थित सेंट्रल स्कूल के पास बड़ी पुलिस में तेज बारिश के कारण पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। जिसमें रांची से लोहरदगा की ओर आ रहे राज प्रकाश पानी के तेज बहाव में फंस गये। नदी के ऊपर बह रहे पानी को देखकर उसे अंदाजा नहीं हुआ कि पानी का बहाव इतना तेज है। जिस कारण वो पानी के बहाव में नदी में फंस गया। इस दौरान वह पुल पार करने की कोशिश कर रहा था तभी वह तेज धार के साथ बहने लगा लेकिन वह मोटरसाइकिल के साथ फंस गया। अचानक से पानी का स्तर 2 फीट से बढ़कर छाती तक हो गया। पुल पर पानी का बहाव इतना तेज था कि उनकी बाइक बह गयी और राज प्रकाश खुद भी बहने लगे। राज प्रकाश ने बताया कि वे किसी तरह पुल के पिलर से चिपक कर खड़े रहे, लेकिन बहाव बहुत तेज होने के कारण वे अधिक देर तक टिक नहीं पा रहे थे। इसी दौरान, राजकुमार, जो कि वहां मौजूद थे, ने शोर मचाया और मदद के लिए बुलाया। थोड़ी ही देर में सरताज अंसारी, फिरोज अंसारी, अफताब आलम और शकील अहमद मौके पर पहुंचे और रस्सी के सहारे राज प्रकाश को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना में राज प्रकाश को चेहरे और दांत में चोटें आयी। उन्हें तत्काल लोहरदगा दंत चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उनके नाना डॉ टी साहू द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इस साहसिक बचाव कार्य में शामिल सभी युवकों को स्थानीय लोगों और परिजनों ने धन्यवाद दिया है।

## कवलजीत सिंह ने यूजर चार्ज को जेम पोर्टल से जोड़ने का विरोध किया

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पथ निर्माण विभाग, झारखंड द्वारा खनिजों की सड़क मार्ग से ढुलाई पर प्रति ट्रिप 1200 रूपया कंपोजीशन यूजर चार्ज लागू कर दिया गया है और इसकी वसूली भी शुरू कर दी गयी है। यूजर चार्ज लेने के लिए खान विभाग द्वारा जारी चालान से इसे जोड़ दिया गया है यानि जितने चालान निर्गत होंगे, उन्हें 1200 प्रति चालान पथ निर्माण विभाग वसूलेगा। इसको लेकर लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने यूजर चार्ज को जेम पोर्टल और चालान से जोड़ने का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि जब यह मामला हाईकोर्ट में चल रहा है और इस बीच में सरकार के अधिकारियों के द्वारा इसे लागू कर दिया गया है जो कि कहीं ना कहीं हाई कोर्ट की अवमानना का मामला दिखता है। जेम पोर्टल अवैध खनन को रोकने के लिए बना है ना कि पथ निर्माण विभाग के टोल टैक्स वसूली के लिए, इसलिए जल्द से जल्द सरकार इस निर्णय को वापस ले। अन्यथा एसोसिएशन इस मामले को लेकर कोर्ट जायेगी।

# चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधा बदहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमेशा स्वास्थ्य सुविधा को लेकर चर्चा में ही रहता है कभी समय पर इलाज के लिए डॉक्टर नहीं रहते हैं तो कभी एंबुलेंस नहीं मिलती है। तो कभी दुर्घटना होने के बाद दुर्घटना स्थल से मृतक व्यक्ति को लाने के लिए शव वाहन नहीं मिलती है। वही आज की घटना है कि रांची चतरा मुख्य मार्ग पर एक अनियंत्रित होने ऑटो सवारी से भरा बालूमाथ की ओर जा रही थी। चंदवा के ही हिसरी गांव के पास सवारी भरा ऑटो पलट जाती है। जिसमें सवार रविंद्र भुइयां उम्र 14 वर्ष जो कुमण्डी लातेहार के रहने वाले हैं। वे बुरी तरह घायल हो जाते हैं। घायल अवस्था देख स्थानीय लोगों ने विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार दुबे को दूरभाष पर सूचना मिलती है। सूचना मिलने के बाद विधायक प्रतिनिधि श्री दुबे ने आनन फानन में चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे घायल रविंद्र भुइयां को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा मंगवाते है। अस्पताल पहुंचने के बाद ड्यूटी पर तैनात डेंटिस्ट कंचन बाडा घायल रविन्द्र भुइयां को देख कर मृत घोषित कर देती है। उसके बाद विधायक प्रतिनिधि शव वाहन के बारे में अस्पताल कर्मियों से बात करते है। तो श्री दुबे को पता चलता है। शव वाहन में चालक नहीं है। उसके बाद श्री दुबे ने लातेहार सीएस और अवधेश कुमार सिंह से दूरभाष पर बात कर लातेहार से शव वाहन भेजने की बात कहते है। फिर ऐसी व्यवस्था देख मृतक के परिजनों ने निजी वाहन कर शव को लातेहार ले जाते हैं। इधर झारखंड की सरकार स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्र में हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च केवल व्यवस्था पर करती है। परंतु जब जरूरत पड़ती है तो शव वाहन का चालक ही नहीं है। वही किसी सामान की खरीदारी करनी हो तो अस्पताल के कर्मचारी लातेहार सीएस हो या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी उन्हें तुरंत ही किसी कंपनी के लोगों से बात कराते हैं परंतु एक अस्पताल में चालक की कमी हो जाती है तो किसी भी अस्पताल कर्मी चालक की व्यवस्था नही करते है। ऐसा ही हाल चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हो गया है।




## बरही पुल का जलस्तर बढ़ा, पुल के उपर से बह रहा पानी, जिला प्रशासन ने करायी बैरिकेटिंग



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पिछले कुछ दिनों से लोहरदगा जिले में लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण लोहरदगा भंडरा बेड़ो मार्ग पर अवस्थित बरही पुल के ऊपर से तेज पानी का तेज बहाव हो रहा है। नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए किसी भी तरह की दुर्घटना या अनहोनी को रोकने के लिए उस मार्ग पर बैरिकेटिंग कर दिया है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से आमजन उस रास्ते का प्रयोग किसी भी हालत में नहीं करे।जब तक पुल का पानी खतरे के निशान से नीचे नहीं आ जाय तब तक लोग अन्य वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं। जिला प्रशासन के अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार,अंचलाधिकारी भंडरा दुर्गा कुमार, अंचलाधिकारी सेंहा,थाना प्रभारी सेंहा ने मार्ग पर बैरिकेटिंग कराकर स्थल का जायजा लिया।

## डीडीसी ने नशीले पदार्थ का उपयोग नहीं करने की दिलायी शपथ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट की ओर से समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित मेडिटेशन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों और कर्मियों निषिद्ध मादक पदार्थों का इस्तेमाल नहीं करने की शपथ दिलायी गयी। साथ ही उन्होंने कहा कि मेडिटेशन को आदत में शामिल करें और निरोग रहें। यह आपकी मानसिक क्षमता में वृद्धि करता है। कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मीगण उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों का इस्तेमाल रोकने लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान





**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय लोहरदगा और पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग लोहरदगा द्वारा निषिद्ध पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक लगाने और नशामुक्ति के लिए समाहरणालय परिसर लोहरदगा में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को निषिद्ध पदार्थों के इस्तेमाल नहीं करने और नशामुक्त भारत बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए स्वयं को स्वस्थ रखें और देश के विकास में सहभागी बनें। नशे से सभी दूर रहें। मौके पर पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एलआरडीसी सुजाता कुजूर, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मीगण उपस्थित थे।

## जनवितरण दुकानों का नियमित अंतराल पर करें निरीक्षण : डीसी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की। बैठक में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को प्राप्त खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण ससमय कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी गोदामों का निरीक्षण निर्धारित मानक के अनुरूप किये जाने का भी निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी और सभी विपणन पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें और दुकानों का औचक निरीक्षण करें। उपायुक्त ने गोदामों में खाद्यान्नों का उचित रख-रखाव और उसे नमी से बचाने के निर्देश दिये गये। सभी विपणन पदाधिकारियों को सभी जनवितरण प्रणाली की दुकानों में सूचना पट्ट, सूचना पट्ट में आवश्यक विवरणी प्रदर्शित किये जाने, ई-पॉश मशीन की स्थिति की जांच, निर्धारित मात्रा अनुसार लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण, खाद्यान्न को फंगस से बचाने, बारिश के मौसम में विशेष रूप से खाद्यान्न को प्लास्टिक से ढंकने के निर्देश दिये। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, सभी विपणन पदाधिकारी, सभी एजीएम उपस्थित थे।

## फर्नीचर दुकान में 57 हजार की चोरी

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू बाजार टांड़ रोड में संचलित जोहार फर्नीचर वर्ल्ड नामक फर्नीचर कारखाने में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। अज्ञात चोर फैक्ट्री से 57 हजार रुपये नकद चुराकर फरार हो गया। चोरी की यह वारदात फैक्ट्री परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पूरी वारदात उस समय हुई जब फैक्ट्री के मालिक मनोज प्रसाद रविवार की रात करीब 7 :30 बजे खाने के लिए घर गए हुए थे। मात्र आधे घण्टे में मनोज प्रसाद जैसे ही लौटे तो अंदर का नजारा देख वह स्तब्ध रह गए। अपने केबिन का ताला टूटा पाया और पैसे गायब थे, उन्होंने तुरंत सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो एक संदिग्ध व्यक्ति वारदात को अंजाम देते हुए कैमरे में कैद हुआ है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि चोर सीधे उस दराज तक पहुंचता है जहां नकद राशि रखी गई थी, और बड़ी सहजता से उसे खोलकर पैसे निकाल लेता है। चोर की इस सटीकता को देखकर आशंका जताई जा रही हैं कि इस वारदात में किसी आंतरिक व्यक्ति की संलिप्तता हो सकती है। भुगतभोगी मनोज प्रसाद ने मामले की लिखित सूचना स्थानीय पुलिस को देकर मदद की गुहार लगायी है। सरे शाम चोरी की इस घटना से व्यवसायियों में रोष और भय का माहौल है। लोगों का मानना है कि पुलिस पूरी निष्ठा और बारीकी से जांच करे तो चोर की पहचान और गिरफ्तारी जल्द हो सकती है। यदि फैक्ट्री में काम करने वाले कामगारों से सख्ती से पूछताछ की जाए तो किसी आंतरिक संलिप्तता की संभावना की भी पुष्टि हो सकती है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा, हम मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और चोरों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# शिवलोक परिसर से निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा, दर्शन को उमड़े हजारों श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** भगवान भोलेनाथ की नगरी देवघर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। यह आयोजन देवघर इस्कॉन की ओर से किया गया, जिसकी शुरूआत शिवलोक परिसर से हुई। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की सुंदर झांकी सजाई गई थी, जिसमें भगवान के जीवन और शिक्षाओं को दर्शाया गया। भक्तजन ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा में शामिल हुए। रथ को श्रद्धालुओं ने खींचा, जिसे धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। यात्रा का समापन इस्कॉन देवघर के डाबर ग्राम स्थित परिसर में हुआ, जहां विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर देवघर इस्कॉन के प्रवक्ताओं ने भगवान जगन्नाथ की महिमा पर प्रकाश डाला और उनके दर्शन मात्र से मिलने वाले पुण्य का महत्व बताया। वहीं, रथ यात्रा के सफल आयोजन में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# देवघर हवाई अड्डे पर मंत्री डॉ इरफान और संजय यादव ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** झारखंड की राजनीति के मजबूत स्तंभ और झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने की खबर से राज्य में चिंता की लहर है। शिबू सोरेन को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी मिलते ही राज्य के दो मंत्री संजय कुमार यादव और डॉ इरफान अंसारी देवघर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। इससे पहले देवघर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हम बाबा बैद्यनाथ की नगरी से उड़ान भर रहे हैं। हमने बाबा से गुरुजी के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। इसके साथ ही अल्लाह से भी दुआ मांग रहे हैं कि उन्हें जल्द से जल्द राहत मिले। उन्होंने बताया कि गुरुजी की तबीयत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। गुरुजी न केवल झारखंड के नेता हैं, बल्कि आदिवासी समाज और गरीबों की आवाज हैं, जिनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना पूरे राज्य को है। वहीं, मंत्री संजय यादव ने भी चिंता जताते हुए कहा कि गुरुजी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके खराब स्वास्थ्य की जानकारी मिलते ही तुरंत दिल्ली जाने का निर्णय लिया। वे सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं और डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। हम बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना करते हैं कि वे जल्द से जल्द ठीक होकर वापस घर लौटें। शिबू सोरेन की तबीयत को लेकर झारखंड सहित पूरे देश के झामुमो कार्यकर्ताओं-समर्थकों में चिंता का माहौल है। सोशल मीडिया पर भी लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की कामनाएं कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई अन्य नेताओं ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

# पलामू में संपत्ति छोड़ विदेश भागे लोगों की संपत्तियां हो गयी नीलाम

- केंद्र ने पलामू में चिह्नित 11 संपत्ति को घोषित किया शत्रु संपत्ति
- नीलामी में एक ही परिवार के चार लोगों में से दो लोगों ने हासिल किया नीलामी में संपत्तियां
- किसी समाचार पत्र में नीलामी से संबंधित विज्ञापन या स्थानीय स्तर पर माईकिंग तक नहीं हुई

**हैदरनगर (आजाद सिपाही)।** साल 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद झारखंड में अपनी संपत्ति छोड़ पाकिस्तान और चीन भागे लोगों की संपत्ति को केंद्र ने शत्रु संपत्ति के रुप में घोषित कर दिया है। इसमें पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर थाना क्षेत्र के करीमनडीह गांव में मोकहर कला पंचायत में ऐसी 11 संपत्तियां चिह्नित की गयी हैं। जिन्हें केंद्र सरकार ने अब नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू की है। ग्रामीणों ने गत 25 जून को इस ई-नीलामी प्रक्रिया को रहस्यमय बताया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नीलामी की प्रक्रिया में स्थानीय स्तर पर प्रचार प्रसार करना था। लेकिन किसी को जानकारी दिए बिना ही नीलामी कर दी गई। बताया जा रहा कि सरकार इन संपत्तियों की नीलामी कर राजस्व जुटाने की व्यवस्था की है। हर संपत्ति का आरंभिक मूल्य तय किया गया है। जबकि हर बिड का इंक्रीमेंटल वैल्यू पांच हजार रुपये तय हुआ है। सभी भूमि का प्रकार कृषि है। इस नीलामी को रद्द कर पुनः नीलामी की प्रक्रिया करने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार एवं जिला प्रशासन से की है।

## कार्रवाई : लूटकांड में पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# दो अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

पकड़े गये चोरों के पास से 135 ग्राम सोना, 1150 ग्राम चांदी एवं बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये चोरों की जानकारी देती पुलिस।

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना अंतर्गत सोना महल दुकान के मालिक अरूण प्रसाद सोनी के दुकान के सामने खड़ी बाइक की डिक्की से दो चोरों ने अभूषण रखे थैले की चोरी कर ली थी। इसकी सूचना तुरंत फोन से वरीय पदाधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश पर तत्काल एक छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में चैनपुर थाना के लादी गांव में बाहर से आये कुछ लोग रामजीत शर्मा के घर में किराये पर रह रहे। उनकी गतिविधि संदिग्ध लग रही थी। इस आधार पर सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए छापामारी दल में शामिल पांकी एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृतव में लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, पुअनि विक्रम शील, पुअनि सुबोध कुमार शहर थाना, सअनि नबी अंसारी सदर थाना, आरक्षी बबन यादव, लेस्लीगंज रिजर्व गार्ड, आरक्षी रीतिश कुमार रवि लेस्लीगंज रिजर्व गार्ड, पलामू तकनिकी शाखा की टीम, गृह रक्षक चालक आरक्षी रेहान अहमद, लेस्लीगंज एवं चैनपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल के सहयोग से चैनपुर थाना क्षेत्र के लादी ग्राम में छापामरी की गयी। इस दौरान अपराधी आवला दुर्गा प्रसाद (27) और अवला बलराम (25) को गिरफ्तार किया गया। दुर्गा प्रसाद आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम जिले के नातवरम थाना क्षेत्र के गुमड़ी कोंडा गांव का रहने वाला है। जबकि बलराम ओडिशा के गंजम जिले के असका थाना क्षेत्र के कोराटोली गांव का रहने वाला है। उनके पास से लूटे गये 135 ग्राम सोना और 1150 ग्राम चांदी के अलावा बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस की मानें तो आवला बलराम का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ मुजफ्फरपुर थाना कजरा और नायागढ़ थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है।

# मंत्री हफिजुल हसन ने समयबद्ध और पारदर्शी कार्य करने का दिया निर्देश



जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में दिये कई निर्देश

**देवघर/मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मंत्री हफिजुल हसन के आवास पर देवघर जिले के जल संसाधन विभाग के प्रमुख (मेजर) एवं लघु (माइनर) इकाइयों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। जिसका उद्देश्य जिले में जल संसाधन से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और भविष्य की योजनाओं को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने की रणनीति तय करना था। इस दौरान मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। विशेष ध्यान उन योजनाओं पर दिया गया जो पहले से क्रियान्वयनाधीन हैं। उनकी प्रगति, समसामयिक चुनौतियों और समयबद्ध निष्पादन के उपायों पर गहन चर्चा की गई। इसके अलावा, प्रस्तावित नई योजनाओं के प्रारूप और उनके कार्यान्वयन की संभावनाओं पर भी अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरे किए जाएँ, ताकि आमजन को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। यह भी कहा कि योजनाओं के सफल और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संसाधनों के इष्टतम उपयोग तथा विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। बैठक के माध्यम से जल संसाधन विभाग के कार्यों को और अधिक मजबूत बनाने और देवघर जिले में जल प्रबंधन एवं संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने पर बल दिया गया।

# हैदरनगर में पशुओं को एलएसडी और एफएमडी का टीकाकरण अभियान शुरू



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर प्रखंड के कुकही पंचायत में आयोजित शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं पशुपालन विभाग की सक्रियता से पशुओं के बीच टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। प्रखंड के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय की ओर से कुकही पंचायत में पशुओं को लंपी स्किन और खुरपका-मुंहपका जैसी घातक बीमारियों से बचाव के लिए पशुओं को टीकाकरण करने का काम शुरू किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, राजेश मेहता, पंसस राजीव शर्मा ने भी सक्रिय भूमिका निभाई है। इस अभियान में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय एआई (कृत्रिम गभार्धान) केंद्र प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, परता केंद्र प्रभारी संतोष कुमार शर्मा और खरगडा पंचायत केंद्र प्रभारी अनुज सिंह जुटे हैं। प्रखंड कृषि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष कुमार सिंह ने कहा कि पशुधन क्षेत्र की सुरक्षा के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतों एवं गांवों में टीकाकरण अभियान चरणबद्ध संचालित किया जायेगा। पशुपालक अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या संबंधित केंद्र से संपर्क कर निःशुल्क टीका लगवा सकते हैं। कहा कि लंपी स्किन एवं खुरपका -मुंहपका जैसी बीमारियों से पशुधन को बड़ा नुकसान होने से किसानों को आर्थिक क्षति झेलनी पड़ती है। समय पर टीकाकरण कर इन बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने भी पशुपालकों को जागरूक करते हुए कहा कि पशुओं का नियमित टीकाकरण न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दुग्ध उत्पादन और पशुधन विकास में भी सहायक होता है।

# पूर्वजों की जमीन पर कब्जा करने की साजिश, पीड़ित ने लगायी न्याय की गुहार

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अपने पूर्वजों की पुश्तैनी जमीन बचाने के लिए हैदरनगर प्रखंड के परता गांव निवासी गरीब परिवार न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को विवश है। पीड़ित रघुनी राम ने हैदरनगर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर जानमाल की सुरक्षा सहित पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा रोकने की गुहार लगाई है। आवेदन में बताया कि परता मौजा में 1.36 डिसमिल भूमि उनके पूर्वजों द्वारा वर्षों से जोत कोड़ कर भरण पोषण का साधन बनाया था। वर्तमान में ग्राम परता टोला कोठी निवासी रेखा देवी, पति दिनेश पासवान द्वारा अबुआ आवास योजना के नाम पर जबरन उक्त जमीन पर निर्माण कराया जा रहा है। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो रेखा देवी, सूरज पासवान एवं सुचीत पासवान ने उनके साथ मारपीट, गाली गलौज करने के बाद जान से मारने की भी धमकी दी। आरोप लगाया कि उनके गरीब परिवार की मजबूरी और आर्थिक स्थिति का लाभ उठाकर पुश्तैनी जमीन पर कब्जा की साजिश हो रही है। उसके अन्य प्लॉट पर भी उनके चाचा बेखन राम, टेनी राम, शकर राम एवं व्यग्रह के हिस्से की जमीन पर भी जबरन कब्जा करने का प्रयास हो रहा है। रघुनी राम ने थाना प्रभारी से इस मामले को गंभीरता से उचित कानूनी कार्रवाई करने और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। साथ ही पुश्तैनी जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराने को कहा है। इस संबंध में उपसमाहर्ता (एसडीओ) सहित उच्च अधिकारियों को भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।


## एनजीटी के रोक के बावजूद बटाने नदी से हो रहा उत्खनन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर बटाने नदी में अवैध बालू उत्खनन का खेल जारी है। एनजीटी के नियमों के बावजूद बालू कारोबारी अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इस मामले में ग्रामीणों ने फोटो और वीडीयो बना कर वायरल किया है। फोटो और वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि बालू माफिया 15 से 20 ट्रैक्टर बटाने नदी से किस कदर बालू का उत्खनन कर रहे हैं। बालू कारोबारियों की इस करतूत से नदी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने के साथ ही स्थानीय लोगों के जीवन पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बालू कारोबारी प्रशासन की मिलीभगत से अपना कारोबार चला रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस मामले में प्रशासन की ओर से क्या कार्रवाई की जाएगी यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल बालू कारोबारियों की करतूतों से स्थानीय लोग परेशान हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।

## आरपीएस स्कूल में हेड गर्ल-हेड बॉय का चुनाव संपन्न

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला के संढा स्थित आरपीएस विद्यालय में शुक्रवार को हेड बॉय और हेड गर्ल के चयन के लिए वोटिंग हुई। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कक्षा 3 से लेकर कक्षा 10 तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। उम्मीदवार के रूप में कक्षा नौवीं और कक्षा दसवीं के बच्चों ने भाग लिया। जिनमें पीयूष अरबाब, सार्थक, रोहन, यश राज, वैष्णवी, सिद्धि, कृतिका और खुशबु का नाम शामिल है। प्रधानाचार्या पुबाली रॉय के नेतृत्व में पूरी वोटिंग प्रक्रिया को सुचारु रूप से सफल किया। शिक्षक अनुप्रिया सिंह, अंजन कल्सर, सूरज त्रिपाठी, अभय यादव, रेशम कुमारी, आनंद कुमार, सुधीर चौहान, आदि ने वोटिंग में सहयोग दिया।

# विधायक के प्रयास से जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने का कार्य हुआ शुरू



**देवघर (आजाद सिपाही)।** सारठ देवघर मुख्य सड़क एनएच 114 ए सारठ खरवा जोरिया, बेलाबाद के पास जर्जर सड़क की मरम्मती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बताते चले की इसको लेकर गुरुवार को विधायक ने एनएच के ऐई एवं जेई व संवेदक के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए 24 घण्टे के अंदर सड़क मरम्मती कार्य शुरू करने का निर्देश दिया था । इस बाबत विधायक ने कहा कि एनएच 114ए सड़क सारठ के दोनों तरफ वर्षों से काफी जर्जर पड़ा हुआ है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को एवं छोटी बड़ी वाहनों को काफी दिक्कत हो रही थी। आए दिन जर्जर सड़क में छोटी मोटो घटनाएं होते रहती थी। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोग से राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा लगभग 81 लाख की लागत से इस सड़क की मरम्मती की जा रही है। वहीं, कार्य शुरू होने से राहगीरों ने सराहना करते हुए कहा कि आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी इससे हम लोग को निजात मिलेगी। वही जर्जर सड़क पर मरम्मती कार्य शुरू होने से समाजसेवी शालिग्राम मंडल, अनिल राउत, विक्रम सिंह ,रुपेश सिंह, विकास साह ने विधायक चुन्ना सिंह को आभार जताते हुए कहा कि विधायक ने कहा था कि आवाम की परेशानियों को देखते हुए शुक्रवार से काम हर हाल में चालू कराए। उनके कहे अनुशार काम शुरू भी हो गया।

## डीडीयू मंडल सभागार में मंडल संसदीय समिति की बैठक

# पलामू सांसद ने रेलवे से जुड़ी 14 विषयों पर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल सभागार में शुक्रवार को 'मंडल संसदीय समिति' रेलवे की बैठक हुई। जिसमें पलामू संसदीय क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजीव रंजन, सांसदगण रेलवे के पदाधिकारी एवं उनके प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस दौरान डाली-हैदरनगर प्रखंड में रैंप के साथ फुट ओवरब्रिज का निर्माण, लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड में रैंप के साथ फुट ओवरब्रिज का निर्माण, बेगमपुरा मोहम्मदगंज प्रखंड में एलसी नंबर 53 के पास आरओबी बनाने के लिए डीपीआर तैयार किये जाने, सतबहिनी उंटारी रोड प्रखंड में एलसी नंबर 55 के पास आरओबी बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने, हैदरनगर में एलसी नंबर 50 के पास आरओबी बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा, जपला में नवनिर्मित आओबी का अप्रोच का निर्माण नहीं होने से उक्त आओबी पर सुचारू रूप से आवागमन शुरू नहीं हो पा रहा है। विदित है कि उक्त स्थान पर एप्रोच पथ बनाने के लिए रेलवे की ओर से झारखंड सरकार के भू-अर्जन विभाग को भूमि अधिग्रहण करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। उंटारी रोड़ एलसी नंबर 63 गेट अंडर पास फाटक के आगे जो हाईट गेज लगा हुआ है वह ज्यादा नीचे होने से स्कूली बसों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 में यात्रियों की काफी संख्या होने के कारण लोगों को यात्रा करने में काफी कठिनाईयों को देखते हुए कोच की संख्या बढ़ाने, रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18611/18612 का भी कोच बढ़ाने एवं इसका लखनऊ तक विस्तार करने, गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव, गया-शेरघाटी इमामगंज डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण कार्य का डीपीआर तैयार होने के बाद उसकी स्वीकृति के लिए रेलवे बोर्ड को प्रस्तावित करने, वंदे भारत ट्रेन को रांची से लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने एवं धनबाद एलटीटी साप्ताहिक समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन धनबाद से वाया डालटनगंज होते हुए मुंबई तक को इसी रूट से रेगुलर चलाये जाने आदि की चर्चा हुई।

# भाजपा नेत्री का निधन, शोक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय निवासी भाजपा नेत्री मीरा कुंवर (60) का शुक्रवार को निधन हो गया। वो पिछले कुछ महीने से बीमार चल रहीं थीं। उनका दाह संस्कार भेलवा नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे बेटे चंदन चंद्रवंशी ने दी। अंतिम यात्रा में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी, समाजसेवी विजय कुमार रवि, पूर्व पार्षद सुनील कुमार चौधरी, राजेंद्र केशरी आदि शामिल हुए। वहीं, निधन पर वरीय भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रथम नप अध्यक्ष देव नारायण सिंह, सतीश्वर प्रसाद सिंह, रामनिवास पांडेय और कुश कुमार ओझा सहित कई लोगों ने शोक प्रकट किया।

## पलामू जिले के मैट्रिक पास विद्यार्थियों के लिए जपला जेएनवी में नामांकन का अवसर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय-2 लंगरकोट में सत्र 2025-26 में कक्षा 11 ( विज्ञान ) में रिक्त स्थानों में नामांकन के लिए अभ्यर्थी ऑफलाइन आवेदन कार्यालय अवधी में प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अशहर रूमी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय कार्यालय से विद्यालय कार्य अवधि में आवेदन फार्म प्राप्त कर, 11 जुलाई तक विद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई समय 10 बजे निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से 30 मिनट पहले पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा विद्यालय में ही लिया जाएगा।

# गुमला में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** रथ पूजा के पावन अवसर पर घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा निकाली गयी। उक्त रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। चारों ओर जय श्री जगन्नाथ के उद्घोष से वातावरण गुजमान हो उठा। भव्य रूप से सजाये गये रथ को भक्तों ने रस्सी से खींचा और पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया। उक्त रथ यात्रा घाघरा चांदनी चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर थाना चौक दुर्गा मंदिर स्थित मौसी बाड़ी पहुंचा। जहां तीनों का पूजन पाठ की गयी और मौसी बाड़ी में रखा गया। इस क्रम में स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार के असुविधा न हो। इसके साथ ही रथ पूजा को लेकर कई मिठाई खिलौने की दुकानें सजी। जहां लोगों ने जमकर खरीदारी किया। मौके पर लोगों ने कहा कि रथ यात्रा का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है। बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी परिचायक है। मंदिर की पुजारिन प्रभा देवी ने बताया कि 9 दिनों तक भगवान जगन्नाथ बलभद्र और माता सुभद्रा मौसी बाड़ी में रहेंगे। 9 दिनों के उपरांत पुनः चांदनी चौक जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ बलभद्र और माता सुभद्रा को रथ पर लाया जायेगा। मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे।

## भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसीबाड़ी

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय एंव बनारी में शुक्रवार को रथयात्रा निकाली गयी। भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की इस रथयात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान हरि बोल के उद्घोष से वातावरण गूंजता रहा। पंडित मुन्नू और टेमन दास ने तीनों विग्रहों की विधिवत पूजा- अर्चना की ओर सबों के लिए सुख, शांति, समृद्धि की प्रार्थना की। रथ यात्रा थाना परिसर स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्यालय भ्रमण उपरांत ब्लॉक परिसर स्थित मंदिर मौसी बड़ी पहुंचा। वहीं बनारी में रथ यात्रा का आयोजन किया गया जो दुर्गा मंदिर से बाजार टाड़ स्थिति मौसी बड़ी पहुंचा जहां भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था संयुक्त रूप से भक्तों ने रथ का रस्सी खींचक भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। मुनू पंडित ने कहा कि धार्मिक मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ कि इस रथ यात्रा में शामिल होने वाले भक्त को सभी तीर्थों के फल मिलता हैं। रथ यात्रा में मुख्य रूप से थानेदार राकेश कुमार भिखारी भगत मुखिया राम प्रसाद बड़ाइक केदार साहू गणेशाराम महतो बनारी में रथ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप उरांव सचिन जायसवाल तरुण साहू कृष्णा सिंह राजू मांझी पंचम सिंह उत्तम साहू के अलावे सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित थे।



## पूजा-अर्चना के बाद बिष्णुगढ़ रायकेरा और पकरा निकली रथयात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा ।** कामडारा प्रखंड के बिष्णुगढ़ रायकेरा और पकरा गांव में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर से रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। रायकेरा में पंडित शुभांशु शेखर आचार्य और गांव पकरा में भोला दास के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत रथ यात्रा निकाली गयी। पकरा बस्ती से रेल लाइन तक रथयात्रा निकाली गयी। रायकेरा गांव में रथ यात्रा का संचालन बड़ाइक अनिल सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि इस रथ यात्रा का आयोजन हमारे पूर्वज वर्षों से करते आये हैं। वर्तमान में करीब 70 वर्षों से चली आ रही परंपरा का पालन कर रहा हूं। रथयात्रा के मौके पर रायकेरा व पकरा में मेले का भी आयोजन किया गया।उक्त दोनों जगहों पर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस जवान मौजूद रहे। प्रखंड में रथयात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।दोनों जगहों पर पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही।

## जिले में 24 घंटे के भीतर चार ने खाया जहर, एक युवती की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के अलग-अलग प्रखंडों में पिछले 24 घंटे में जहर खाने से एक युवती की मौत हो गयी। जबकि तीन का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। पहली घटना महुआ टांड़ थाना क्षेत्र की जोरी गांव की है जहां 20 वर्षीय सीता कुमारी ने चूहा मारने वाला जहर का सेवन कर लिया। स्थिति खराब होने के बाद परिजन उसे लेकर गुरुवार की देर रात सदर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के क्रम में शुक्रवार की दोपहर 12:30 बजे उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने बताया उसकी दिमागी हालत खराब थी। छात्रा 7 वीं की पढ़ाई के बाद स्कूल छोड़ चुकी थी। वहीं दूसरी घटना पालकोट थाना क्षेत्र के तपकरा गांव की है जहां 18 वर्षीय लालू टेटे ने सब्जी में छिड़काव करने वाला कीटनाशक खा लिया परिजनों ने बताया गुरुवार को ही गोवा से काम कर घर लौटा था। विगत 3 वर्षो से एक लड़की को अपने पास रखा है। शाम को वह दूसरे गांव मेहमान जा रहा था पिता ने रात हो जाने का हवाला देते हुए मेहमान जाने से मना किया जिसके बाद वह दुकान से कीटनाशक ले आया और उसे खा लिया। वहीं तीसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा गांव की है जहां 21 वर्षीय गुड्डन कुमारी ने थाइमेट का सेवन कर लिया हालांकि घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। चौथी घटना सोसो महली टोली गांव की है जहां 21 वर्षीय दुर्गा कुमारी ने कीटनाशक का सेवन कर लिय। हालत खराब होने पर परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आये। युवती ने कीटनाशक क्यों खाया कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## घाघरा में सेनेटरी एंड टाइल्स दुकान का उद्घाटन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा चांदनी चौक स्थित सेनेटरी एंड टाइल्स दुकान का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन थाना प्रभारी पुनीत मिंज, समाजसेवी शिवकुमार भगत टुनटुन, अनिरुद्ध चौबे, कृष्णा कुमार लोहरा, अगस्टिन महेश कुजूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर शिवकुमार भगत और अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि उक्त दुकान खुलने से लोगों को बाहर अब नहीं जाना पड़ेगा बेहतर समान यही प्राप्त होंगे। इसके पूर्व विधिवत पूजन पाठ कराई गई। मौके पर दुकान के संचालक अरुण कुमार पांडे, प्रदीप प्रसाद, उमेश सिंह, विनोद महतो, परमेश्वर साय सहित कई लोग उपस्थित थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## कैंसर से पीड़ित छात्र के इलाज में कांग्रेस नेता ने मदद का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड के फोरी गांव निवासी जमाल खान का 16 वर्षीय पुत्र शौकीफ खान कैंसर रोग से पीड़ित है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद परिजन उसे अपने घर ले गए। पिता ने बताया करीब 6 माह से पुत्र को लिवर में कैंसर हो गया है। उसे दिखाने के लिए रिम्स ले गये थे जहां पेट के लिवर के मांस में कैंसर होने का पता चला उसका पेट फूल जाता है साथ ही कड़ा भी हो गया है। रिम्स के डॉक्टरों ने यहां इलाज नहीं होने की बात कही। इसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया। उसके शरीर में खून की कमी हो जाती है जिसके कारण उसे हमेशा बल्ड दिया जाता है। पिता ने बताया मैं मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता हूं बेटे का ऑपरेशन कराना होगा



जिसके लिए जमशेदपुर या मुंबई ले जाना होगा। इसके इलाज के लिए मेरे पास पैसे भी नहीं है। मामले की जानकारी पर कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम पीड़ित परिवार से मिलने शुक्रवार की सुबह 10 बजे सदर अस्पताल पहुंचे वहीं पूरे मामले की जानकारी ली साथ ही मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज कराने में मदद का भरोसा भी दिया।

## जारी में अस्पताल तक पक्की सड़क नहीं होने से लोग परेशान


आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के गृह प्रखंड में अस्पताल तक जाने के लिए पक्की सड़क है ही नही।बरसात के दिनों में मरीज गिरते पड़ते पहुंचते है अस्पताल। ज्ञात हो कि जारी प्रखंड वासियो की लम्बे अरसे से मांग थी कि जारी प्रखंड में एक अस्पताल बने। जो कि प्रखंड वासियो की मांगे पूरी हो चुकी है। लेकिन अस्पताल तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क की मांगे अब भी पूरी नही हो पाई हैं। प्रखंड के ग्रामीण जितेंद सिंह, आदित्य गिरी, मैनेजर भारती,नंद किशोर नंद,पांडु यादव,बीरेंद्र दास, आलम खान,राजू बेक सहित कई लोगो ने जानकारी देते हुए कहा कि अस्पताल जाने वाली सड़क कच्ची है और बरसात के दिनों में तो कीचड़ में सड़क तब्दील हो जाती



है। सड़क में दो पहिया वाहन तो दूर पैदल तक चलना मुश्किल हो जाती हैं और बरसात के दिनों में देखने में ऐसा प्रतीत होता हैं कि सड़क नही कोई खेत हैं। जिससे प्रखंड वासियो सहित मरीजों को आने जाने में परेशानी होती है। बारिश के मौसम में कीचड़ और जलजमाव के कारण सड़क और भी बद से बदतर हो जाती है। बरसात के मौसम में कच्ची सड़क पर कीचड़ होना एक आम समस्या है।कच्ची सड़कों पर बारिश का पानी जम जाता है। जिससे कीचड़ बनता है और चलना मुश्किल हो जाता है। प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द अस्पताल तक पक्की सड़क का निर्माण हो जिससे राहगीरों को चलने में परेशानी न हो। ज्ञात हो कि जिप सदस्य दिलीप बड़ाइक भी कई बार पूर्व में जिला उपायुक्त से पक्की सड़क को लेकर मांग कर चुके है। वही अस्पताल उदघाटन के समय गुमला के पूर्व उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी इस सड़क की समस्या को अवगत हो चुके थे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है, आरोपी कई दिनों से नाबालिग के साथ छेड़ छाड़ कर रहा था, तंग आकर नाबालिग के पिता ने थाना में आवेदन करवाई की मांग की थी। जानकारी के अनुसार रायडीह थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग से गांव के ही एक 20 वर्षीय युवक मुकेश भारती छेड़छाड़ कर रहा था। बुधवार शाम को भी नाबालिग लड़की घर के बाहर थी तभी मुकेश भारती आया और नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने लगा लड़की ने परिजनों को आवाज लगायी तो आरोपी भाग गया। उक्त घटना से परेशान होकर नाबालिग लड़की के पिता रायडीह थाना पहुंच कर लिखित आवेदन दिया रायडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी मुकेश भारती को गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट के तहत गुरुवार की शाम 6 बजे जेल भेज दिया गया।

## करौंदी रथ बगीचा में नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** करौंदी रथ बगीचा में मेले का आयोजन किया गया मेले में हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख शांति की मंगल कामना की। करौंदी जगन्नाथ मंदिर के मुख्य संरक्षक कृष्ण दयाल नारायण सिंह ने कहा कि नागपुरी कलाकारों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने नागपुरी को संपर्क भाषा बनाने और बच्चों को नागपुरी पढ़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की। एशियन हेरिटेज फाउंडेशन, साहित्य संस्कृति मंच और नागपुरी लोक अखरा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को करौंदी रथ बगीचा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम





में भाजपा किसान मोर्चा के नेता मंगल सिंह भोगता के साथ फीता काटकर उदघाटन करने के बाद श्री सिंह ने उक्त बातें कहीं। भाजपा किसान मोर्चा के नेता मंगल सिंह भोगता ने मेला सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक होता है। आस्था, मनोरंजन और कारोबार का केंद्र होता है। मेला और मनोरंजन ही विरासत के धरोहर को जीवंत रखने में सहायक होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रशिक्षु गायक रजनी रानी, शंकर सिंह, रोहित सिंह,जितेंद्र गोप, रूपा कुमारी आदि ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर नागपुरी प्रेमियों को रीझ-रंग से सराबोर कर दिया। प्रशिक्षु कलाकारों का का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। सचिव रामनाथ साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर देर शाम तक श्रोता गण नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम गीत संगीत का आनंद लिया।

## भदौली कुदरा दुर्गा मंडप के नये भवन का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** भदौली कुदरा दुर्गा मंडप के भवन काफी समय से जर्जर स्थिति में था। उसके छत गिरने के कगार में थे। जिससे श्रद्धालुओं के साथ हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई थी।

मंडप को तोड़कर पुनः निर्माण के लिए काफी लंबे समय से विचार विमर्श किया जा रहा था। लेकिन संयोग नहीं बन पा रहा था। अंततः वो समय आ ही गया। और पूजा समिति ने मंडप के जर्जर स्थिति को देखते हुए दोनों पंचायत के ग्रामीणों के साथ बैठक कर मंडप को वृहद आकार में पुनः नवनिर्माण कराने का निर्णय लिया। इसके लिए सभी ग्रामीणों ने अपनी सहमति जतायी और शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ के शुभ रथ यात्रा के दिन आचार्य रामज्ञानी पाठक एवं विकल्प पाठक ने समाजसेवी



मुकेश श्रीवास्तव, उनकी धर्मपत्नी उर्वशी देवी, विक्रम ताम्रकर, उनकी धर्मपत्नी गुड्डी देवी एवं रोहित शर्मा के द्वारा पूजा अर्चना कराकर भूमि पूजन एवं शिलान्यास कराया गया। वर्तमान में दुर्गा मंडप का भवन जर्जर हो गया था और गिरने के कगार पर था। इसकी स्थिति को देखते हुए पूजा समिति ने संकल्प लिया कि मंडप का पुनर्निर्माण कराना है और आज वो शुभ घड़ी आ गया जब मंडप के निर्माण हेतु भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। इस मौके पर हिन्दू जागरण झारखंड के प्रदेश प्रमुख संजय वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य पीतांबर झा, शिक्षक बिपिन झा, पंकज साहू, सिसई थाना प्रभारी संतोष सिंह, नन्दकिशोर सिंह, अजय सिंह, रामानंद सिंह, अरुण सिंह, प्रभात साहू, विकास साहू, उदयचंद देवघरिया,बंटी ताम्रकर, रोहित घंटी, शम्भु एस चौहान, चमरू महतो,हेमंत गुप्ता, सुजीत जयसवाल, परू ताम्रकर, मुकेश ताम्रकर, राजकिशोर सोनी, सनत केशरी, दीपक सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



आदित्य झा तथा दिव्यांशु किशोर ने रेड में अगुवाई करते हुए मध्यांतर तक दून वारियर्स को 20 – 19 से बढ़त दिलायी।

## ओलंपिक दिवस : कबड्डी प्रतियोगिता में दून वारियर्स बने चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता






**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के उपलक्ष में धनबाद जिला ओलम्पिक संघ द्वारा आयोजित सप्ताह -व्यापी खेल कार्यक्रम के तहत आज कबड्डी की प्रतियोगिता कुसुम विहार स्थित दून पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता के फाइनल स्पर्धा में दून वारियर्स की टीम ने 32 - 26 अंक से धनबाद कैपिटल की टीम को पराजित करते हुए ओलम्पिक दिवस ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। आदित्य झा तथा दिव्यांशु किशोर ने रेड में अगुवाई करते हुए मध्यांतर तक दून वारियर्स को 20 - 19 से बढ़त दिलाया। डिफेंडर सूरज साव और आदित्य पांडे ने मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया जबकि धनबाद कैपिटल टीम के नमन कुमार एवं अर्णव ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन में दून पब्लिक स्कूल के उप निदेशक सुनील कुमार तथा धनबाद जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी द्वारा विजेता तथा उप - विजेता टीम के सभी सदस्यों को व्यक्तिगत पदक एवं प्रमाण पत्र के साथ साथ दोनों टीमों को ओलम्पिक दिवस ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के उप प्राचार्य प्रियरंजन कुमार, शशांक सिंह, प्रशासनिक पदाधिकारी दिव्यांश सिंह, जिला ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव सह स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष मृदुल बोस के अलावा देवाशीष दे, जया चक्रवर्ती, अजय कुमार रजक, अर्चना कुमारी, अर्चना सहाए, सुप्रियो मोदी आदि उपस्थित थे।

## प्रथम राष्ट्रीय अंडर 18 बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के झारखंड टीम पहुंची हरिद्वार

**हरिद्वार (आजाद सिपाही)।** हरिद्वार में 28 जून से 01 जुलाई 2025 तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय अंडर 18 बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए 32 सदस्यीय झारखण्ड बालक एवं बालिका कबड्डी टीम हावड़ा - देहदरदून एक्सप्रेस से शुक्रवार को अहले सुबह हरिद्वार पहुंच चुकी है। उक्त आशय की जानकारी कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने दी। अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि इस राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बालक वर्ग में देवघर के रितिक कुमार सिंह एवं बालिका वर्ग में धनबाद की नमिता कुमारी को कप्तान बनाकर टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेवारी दी गयी है। इससे पूर्व कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड की ओर से चेयरमेन बिपिन कुमार सिंह के द्वारा धनबाद स्टेशन पर बुधवार को टीम को पूरी किट (जर्सी, शॉर्ट्स, टी - शर्ट्स, मैट शू एवं ट्रैक सूट) देकर शुभकामनाएं दी गयी। शुभकामना एवं बधाई देने वालों में महासचिव मुकेश कुमार सिंह, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक तेज नारायण प्रसाद माधव, नवनीत कुमार सोनू, जगदीश कुमार, आलोक कुमार, राजीव रंजन मिश्रा, मदन मोहन पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, अनीता कुमारी, आशा कुमारी, हैदर हुसैन, राखी कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रद्युम्न पांडेय, राहुल कुमार, रितेश सिंह, सीता राम आदि शामिल है।

## किसान प्रशिक्षण शिविर में 170 महिला किसानों ने भाग लिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान प्रशिक्षण सभागार में शुक्रावर को झास्को लेप्स रांची के द्वारा कामडारा प्रखंड के कुल एक सौ सत्तर महिला लाभार्थी किसानों ने भाग लिया, जिनमें फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के 60 लाभार्थी शामिल थे। वैज्ञानिक पद्धति से लाह की खेती के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना और साथ संस्था की ओर से 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को लाह खेती मे प्रयुक्त होने वाले टूल किट भी वितरण किए गए।इस प्रशिक्षण कार्य के दौरान जेएसएलपीएस और उद्योगिनी संस्था कामडारा के सदस्यों के दौरान महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रेनर दिलीप कुमार सिंह (लाह वैज्ञानिक),प्रवीण कुमार,मुकेश रजक,नारायण साहू , प्रदीप कुमार,करनेश लकड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# इस्पात नगरी बोकारो में निकाली गयी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा





**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात नगरी में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूम-धाम से निकाली गयी। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाकर रथ पर आसीन किया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) चित्त रंजन मोहापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवती, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी आदि उपस्थित थे। जानकारी के मुताबिक नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर से आरंभ हुई। पूरे रास्ते नगरवासी और श्रद्धालु बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे। रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से बोकारो जनरल अस्पताल, गांधी चौक सिटी सेंटर, पत्थरकट्टा चौक और राम मंदिर चौक होते हुए राम मंदिर पहुंची। मार्ग में स्वयंसेवी संस्था महिला समिति, बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी योगदान किया। बोकारो महिला समिति की ओर से इस वर्ष भी रथ यात्रियों के लिए शरबत, चना, गुड़, बताशा, बुंदिया की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ जी से उन्होंने बोकारोवासियों के मंगलमय जीवन के लिए कामना की। मौके पर उपाध्यक्षगण अल्का मनवती, देवजानी मिश्रा, सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, सुरभि प्रभारी अनिशा झा, साबुन एवं सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश, विद्यालय प्रभारी आशा राज, समिता मोहंती आदि ने यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# जमसं छोड़ कई नेता एवं सैकड़ों मजदूर राष्ट्रीय जनता कामगार संघ में शामिल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल की श्रमिक राजनीति में शुक्रवार को बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला। बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र संख्या 10 से जुड़े कई वरिष्ठ मजदूर-नेता जनता मजदूर संघ (जमसं) को छोड़कर राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का दामन थाम लिया। इस सामूहिक बदलाव के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक भी मौजूद थे। बताया जा रहा कि ये सभी नेता राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के पूर्व अध्यक्ष रामाधीर सिंह के विचारों से प्रभावित होकर संगठन में शामिल हुए हैं। यह जानकारी राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की महामंत्री आशनी सिंह ने कोला कुसमा स्थित प्रधान कार्यालय पृथ्वी मेंशन में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके दी। इस मौके पर संगठन की अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर इंदु सिंह मौजूद थी। दोनों ने नव-शामिल नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। कहा कि संगठन में अरविंद सिंह जैसे अनुभवी नेता के आने से नई ऊर्जा मिली है। कहा कि राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का पहला उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और श्रमिक हितों की लड़ाई को तेज करना है। इस दौरान अरविंद सिंह को राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का सचिव नियुक्त किया गया, जबकि बलवंत सिंह को कुसुंडा क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर अरविंद सिंह ने कहा कि वह पूर्व अध्यक्ष रामाधीर सिंह के विचारों और संघर्षशील नेतृत्व से प्रभावित होकर यह निर्णय लिये हैं। रामाधीर सिंह हमेशा मजदूरों के हक की बात करते हैं और हम उनके साथ मिलकर कामगारों की बुलंद आवाज बनेंगे।

# हादसे में युवक गंभीर, नाराज लोगों ने ट्रांसपोर्टिंग ठप करायी



**झरिया (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला ओसीपी के समीप कोयला ट्रांसपोटिंग मार्ग पर शुक्रवार को कोयला लदे एक हाइवा की चपेट में आने से बिरजू भुईया (35) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल बिरजू को धनबाद स्थित पीएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका दाहिना पैर बुरी तरह कुचल जाने की बात कही है। इसकी सूचना पाकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच कर आक्रोश व्यक्त करने लगे। लोगों का कहना था कि बिरजू शौच कर वापस आ रहा था, तभी एक साथ परियोजना से दर्जनों कोयला लदे हाईवा तेजी से निकलने लगे। एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में एक हाईवा चालक ने बिरजू को अपनी चपेट में ले लिया। पता चला है कि बिरजू दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य है? उसकी पत्नी पत्नी कुंती देवी एवं दो पुत्री एरोली कुमारी (17) और रोशनी कुमारी (15) है। उधर, लोगों के प्रदर्शन के चलते कोयला ट्रांसपोटिंग कार्य ठप हो गया। प्रदर्शनकारी घायल को मुआवजा देने और उसका समुचित इलाज करने की मांग कर रहे थे। वहीं, लोगों के आक्रोश को देखते हुए बीसीसीएल प्रबंधन और ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के प्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचे थे।

# रक्तदान दयालु समाज के निर्माण में सामूहिक प्रयासों की शक्ति का प्रतीक : कुणाल दरिपा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाज कल्याण के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के तहत वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (बोकारो चैप्टर) और सिटिजन्स फाउंडेशन के सहयोग से शुक्रवार को बोकारो के ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर (ओएचसी), 16 खाता में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह पहल वेदांता ईएसएल की सीएसआर इकाई के कर्मचारी वॉलंटियरिंग कार्यक्रम 'वी फॉर सोसाइटी' के तहत की गई। इस अवसर पर ईएसएल के कर्मचारियों, व्यापारिक साझेदारों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और रक्तदान कर जीवनदायिनी कार्य में योगदान दिया। शिविर का उद्देश्य अस्पतालों में रक्त की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना था। इस दौरान शिविर में कुल 60 लोगों ने रक्तदान किया। इसमें मुख्य अतिथि रके रूप में इएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा शामिल हुए। इनके अलावा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के आपदा प्रबंधन प्रमुख सुरेश कुमार भुडिया, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डीएन चौबे, इएसएल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीन पिट्टा आदि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कुणाल दरिपा ने कहा कि यह रक्तदान शिविर एक स्वस्थ और दयालु समाज के निर्माण में सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाता है। कर्मचारियों और भागीदारों पर गर्व है, जिन्होंने आगे आकर एक सच्ची समुदाय भावना का उदाहरण पेश किया। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीन पिट्टा ने भी सभी प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान केवल जीवन बचाने का कार्य नहीं, बल्कि यह मानवता के लिए खड़े एक समुदाय के निर्माण का प्रतीक है। भारत की अग्रणी मानवीय संस्थाओं में से एक, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने रक्त संग्रह की संपूर्ण प्रक्रिया को सुरक्षित और चिकित्सकीय देखरेख में सुनिश्चित किया। देशभर में 1100 से अधिक शाखाओं के साथ, रेड क्रॉस आपदा राहत, स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रही है।

## दिव्यांगता का दर्द : खेत-बाड़ी बेचकर इलाज कराने को मजबूर, पर नहीं मिला प्रशासन का सहयोग

# विभागीय उदासीनता के कारण पांच साल से दर-दर भटक रहा पीड़ित पिता, दिव्यांग कृष्ण को अब तक नहीं मिली पेंशन

- जनता दरबार में अधिकारियों के समक्ष रखी पेंशन की मांग, पर नहीं मिला पेंशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पेटरवार।** प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूरी पर स्थित सदमा पंचायत के बुढ़वाटांड़ निवासी राम विश्वास महतो दिव्यांग पुत्र कृष्ण कुमार महतो (11) के बेहतर इलाज और सरकारी सहायता के लिए दर- दर भटकने को विवश हैं। राम विश्वास के इकलौते पुत्र कृष्ण कुमार महतो को दिव्यांगता प्रमाण पत्र में 70 फीसदी दिव्यांगता अंकित है। बावजूद इसके झारखंड सरकार की ओर से दिव्यांग पेंशन की सुविधा नहीं मिल पाई है। बतातें चलें कि करीब नौ वर्ष पूर्व कृष्ण महतो का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ने लगा। शुरूआती दौर में राम विश्वास महतो को उम्मीद थी कि इलाज से सुधार होगा, पर स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती गई। बेटे के इलाज के लिए खेत-खलिहान तक बेच डाले, पर फिर भी न तो स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार हुआ और न ही सरकार से कोई मदद मिली। राम विश्वास महतो की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। उनके परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा है। कमाई का कोई स्थायी साधन नहीं है। वे कुट्टी बेचकर परिवार का भरण पोषण किया करते हैं। उन्होंने दिव्यंगता पेंशन के लिए कई बार प्रखंड कार्यालय में आवेदन किया। इसके अलावा झारखंड सरकार की ओर से लगाए जाने वाले जनता दरबार के कार्यक्रमों में भी पहुंचे पर, राम विश्वास महतो की गुहार हर बार अनसुनी ही रही। प्रशासनिक उदासीनता एवं विभागीय लापरवाही के कारण वर्षों से भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने दिव्यांग पेंशन दिलाने कि गुहार लगाई है।

# दो सरकारी दुकानों पर छापामारी, नकली शराब बरामद, पांच सेल्समैन गिरफ्तार

## शराब की बोतल पर प्रिंट रेट से अधिक राशि मांगने वालों की तुरंत शिकायत करें : उत्पाद अधीक्षक

## उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर हुए सस्पेंड, अन्य पर भी कार्रवाई की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



छापामारी के दौरान मौजूद उत्पाद विभाग की टीम।

**धनबाद।** सरकारी शराब दुकानों में विगत कई दिनों से अवैध रूप से नकली शराब बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। जिसके आलोक में रांची से उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार की अगुवाई में आई टीम ने गुरुवार की देर रात दो दुकानों में दबिश देकर नकली शराब बेचते पांच सेल्समैनों को गिरफ्तार किया है। वहीं, रांची टीम की कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है। जांच टीम ने मेमको मोड़ आठलेन स्थित सरकारी शराब दुकान से 17 एवं गोल बिल्डिंग स्थित शराब दुकान से 239 छोटी बड़ी बोतल जब्त की है। जानकारी के मुताबिक नकली शराब और शराब की कीमत से अधिक पैसे वसूले जाने को लेकर काफी दिनों से शिकायतें आ रही थी। रांची उत्पाद विभाग मुख्यालय ने उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में मेमको मोड और गोल बिल्डिंग से सरकारी शराब दुकान में छापामारी की और शराब की पेटियों के बैच नंबर से मिलान किया। नंबर मिलान नहीं होने की स्थिति में सेल्समैनों से पूछताछ की गई। जिसमें संतोष जनक जवाब नहीं मिलने के बाद टीम ने तुरंत गोल बिल्डिंग स्थित शराब दुकान से सेल्समैन रंजीत कुमार और बृजेश सिंह, जबकि मेमको मोड़ से सेल्समैन राजेश कुमार, आकाश सिंह और अजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि सरकारी शराब दुकानों में मिलावटी शराब बेचे जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थी, जिसके बाद टीम गठित कर इसकी सूचना धनबाद डीसी को दी गई। डीसी के निर्देश पर रवींद्रनाथ ठाकुर एवं एलबी के सहदेव दंडाधिकारी के रूप में तैनात किए गए। दंडाधिकारी की मौजूदगी में छापामारी की गई। अधीक्षक ने ग्राहकों से अपील की कि कोई दुकानदार शराब की बोतल पर प्रिंट रेट से अधिक राशि मांगे तो तुरंत इसकी शिकायत जारी हेल्पलाइन नंबर में करें। शहर में सरकारी शराब दुकानों में यह खेल कई वर्षों से चल रहा है जहां नकली शराब की बिक्री खुलेआम सरकारी शराब दुकानों में की जाती है। इससे पहले भी गोल बिल्डिंग स्थित सरकारी शराब दुकान एवं मनईटांड़ स्थित शराब दुकान के सेल्समैनों को नकली शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पर महज कुछ दिनों बाद ही जेल से छूटते ही वे लोग फिर से खुलेआम इस काम को चलाने लगते हैं। दूसरी ओर, सेल्समैनों ने शुक्रवार की सुबह सरकारी शराब दुकान बंद कर उत्पाद कार्यालय में गिरफ्तारी का जमकर विरोध किया। उनका कहना था कि मैंमको को मोड में जो 17 बोतलें अवैध शराब की जब्त की गई है वह शराब सभी ठीक है एवं सरकारी दुकान की ही है। वहीं, घटना की पुष्टि करते हुए उत्पाद विभाग के सह आयुक्त रामलीला रवानी ने कहा कि शहर के सरकारी दुकानों में इतनी बड़ी मात्रा में मिलावटी शराब मिली है, जिसमें पांच सेल्समैनो को जेल भेज दिया गया है। लगे हाथ उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार को सस्पेंड किया गया है। साथ ही छमन कुजूर के ट्रांसफर को लेकर डीसी को पत्र भेजा गया है।

# रानीबाग में छापामारी, 46.5 टन अवैध कोयला जब्त

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढ़ोरी के जीएम रंजय सिन्हा के आदेश पर फुसरो मेन रोड के रानीबाग में अवैध रूप से किये गये कोयला संग्रह के विरुद्ध सीसीएल ढ़ोरी के सुरक्षा विभाग, सीआइएसएफ और बेरमो पुलिस ने संयुक्त छापामारी की। जिसका नेतृत्व सीसीएल ढ़ोरी के सुरक्षा अधिकारी सुरेश सिंह और सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेंट लक्ष्मी नारायण चौधरी ने किया। करीब चार घंटे चले छापामारी में 46.570 टन कच्चा कोयला जब्त किया गया। सभी जब्त कोयले को जेसीबी से ट्रैक्टर में उठाकर अमलो रेलवे साइडिंग में कांटा कराकर डंप किया गया।

# रथ यात्रा पर क्रोक एन डाइन'ज शोरूम का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरायढेला के ब्रह्मदेव चेंबर के विपरीत दिशा में स्थित वेस्टसाइड मॉल में शुक्रवार को क्रोक एन डाइन'ज का उद्घाटन हुआ। प्रतिष्ठान के मानिक प्रत्यक्ष बर्मन ने कहा कि आज भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के शुभ दिन क्रोकरीज के इस विशेष प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया है। जिसमें होटल्स और घर के लिए कुशन, रॉक्स सहित अन्य ब्रांड के बहुत ही आकर्षक एवं खूबसूरत एक्रेलिक मेला माइन, बोन चाइना, फाइन चाइना, आकर्षक और खूबसूरत डिजाइन किए चम्मच, प्लेट, कप होलसेल और रिटेल में उपलब्ध है। इस दिन प्रतिष्ठान के उद्घाटन के अवसर पर रिटेलर्स के लिए 25 फीसदी और हॉलसेलर्स के लिए 35 फीसदी तक की छूट सीमित समय के लिए दी जा रही है। साथ ही एक लाख रुपयों की खरीदारी पर 10 ग्राम का सिल्वर कॉइन का ऑफर भी है। इस मौके पर शोरूम के मालिक अभिषेक बर्मन और प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# देश-संविधान बचाना है तो कांग्रेस को मजबूत करें: संतोष कुमार सिंह

## भाजपा शासित राज्यों में दलित, आदिवासी एवं ओबीसी सुरक्षित नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** पूर्वी टुंडी मैनरवा टांड में प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष योगेश रजक की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगठन सृजन अभियान की बैठक हुई। जिसमें धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, जिला के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी और प्रवेक्षक निशा सिंह भी उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम संगठन सृजन के तहत पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों और मंडल कांग्रेस अध्यक्षों को नियुक्ती पत्र दिया गया। नियुक्त मंडल अध्यक्ष को यह निर्देशित किया गया कि मंडल के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत से एक पदाधिकारी मंडल कमेटी में शामिल करें। वहीं, धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी वर्ष 2025 को संगठन सृजन का वर्ष मानकर काम करेगी। प्रत्येक पंचायत में प्रवेक्षक और प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को जाना है। कहा कि देश और संविधान को बचाना है तो कांग्रेस को मजबूत करना होगा। जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जिन लोगों ने इस संविधान को बनाने में सहयोग नहीं किया, वे आज तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। कहा कि भाजपा कांग्रेस के देशव्यापी 'संविधान बचाओ आंदोलन' से घबरा गई है, इसीलिए आज वे लोग फिर से इमरजेंसी की बात कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि जो लोग अपने गवर्नेंस में नाकामयाब रहे और जिनकी खुद की सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक बदहाली चरम पर है, वे आज लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। वहीं, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि जिला कांग्रेस गांव और पंचायत में नजर आ रही है। जिला कांग्रेस, प्रखंड नगर कांग्रेस पंचायत स्तर पर जब काम करती है तो व्यक्ति विशेष की राजनीति करने वाले स्लीपर सेल टाइप के लोगों के पेट मे दर्द होने लगता है। राशिद रजाअंसारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जब तक देश में पार्टी नेता राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री नहीं बना लेते चैन से नहीं बैठेंगे। इस मौके पर पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश रजक, प्रवेक्षक निशा सिंह, असद कलीम, अब्दुल मजीद अंसारी, कालीचरण दास, देव रंजन, मुली रामदा, रजक, बिट्टू गोस्वामी, मोहन दास, बबरू वाहन दे, निर्मल रक्षित, सलीम अंसारी, धीरू मोदक, मजीद हुसैन, मधुसूदन रक्षित, किशन दास आदि मौजूद रहे।

# अधिकारियों पर विद्यालय के लिए चिन्हित जमीन के बदले निजी जमीन अधिग्रहण करने का आरोप

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिले के सबलपुर में केंद्रीय विद्यालय निर्माण के लिए पहले ही जमीन चिन्हित किया जा चुका है। बावजूद इसके सीओ शशि कांत शिखर पर निजी जमीन का अधिग्रहण करने का आरोप लगा है। मुखिया प्रतिनिधि राज किशोर गोप का कहना है कि जिस जमीन को चिन्हित किया गया था वह जीराबाद प्लॉट था। उसे रहती जमीन कैसे बना दिया गया। 18 एकड़ जमीन में कितना एकड़ जमीन रहती हो गया है। 1929 की जमीन जो राजा द्वारा दिया गया है उसे सरकार भी मानती है कि 1932 से लेकर 1946 तक जो भी जमीन दिया गया है वह मान्य होगा। इसके बावजूद भी उस जमीन को नहीं माना जा रहा है। जबकि मथुरा प्रसाद महतो ने भी अपने मंत्री पद पर रहते हुए उन्होंने सरकारी जमीन की रसीद काटना बंद करवा दिया था। आज सीओ साहब कह रहे हैं कि सरकारी जमीन है, जबकि 120 नंबर खाता जिराबाद का है। उसे जमीन माफियाओं द्वारा हड़प कर रहती कैसे बना दिया गया। सीओ गरीबों की जमीन को केंद्रीय विद्यालय के लिए चिह्नित कर रहे हैं, जिसकी रसीद पेपरपट्टा किसान के पास है। साल 1929 में इसका राजा के समय पट्टा मिला था और ये लोग खेती करते थे। वहीं, जमीन मालिक चिंटू गोप का कहना है कि पांच पीढ़ी से खेती करते आ रहे हैं। साल 1929 में जमीन का पट्टा मिला है उस समय से इस जमीन पर खेती कर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं, लेकिन सीओ साहब जबरदस्ती जमीन सरकारी बता रहे हैं। जबकि मेरे पास जमीन का पट्टा, रसीद, म्यूटेशन का पेपर सभी मौजूद हैं। वहीं, धनबाद के सीओ ने बताया कि कोई पेपर नहीं है। उक्त जमीन सरकारी है और उसे केंद्र विद्यालय में चिन्हित किया जा रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# राजनाथ सिंह ने तनाव कम करने के लिए चीन को सुझाये चार विकल्प

- कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर जताई खुशी



एजेंसी

**किंगदाओ।** चीन के किंगदाओ में एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) सम्मेलन के दौरान भारत ने चीन को संबंधों को बेहतर करने का फामूर्ला सुझाया। भारत ने सीमा पर तनाव को कम करने के लिए चीन से चार योजनाओं पर ध्यान देने के लिए कहा। साथ ही छह साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर खुशी जतायी।

एससीओ सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। इस दौरान चीन को चार फामूर्लों पर काम करने के लिए कहा गया। इसमें पहला 2024 की विघटन योजना का पालन करना, दूसरा तनाव कम करने के लिए प्रयास, तीसरा सीमाओं पर सीमांकन और परिसीमन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास और चौथा मतभेदों को दूर करने और संबंधों में सुधार के लिए नयी प्रक्रियाएं तैयार करने के लिए मौजूदा विशेष प्रतिनिधि स्तर के तंत्र का उपयोग करना शामिल है।

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड जैलेंद्र कुमार को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार 27 जून, 2025 को राजधानी में शिक्षा और झारखंड की राजनीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जैलेंद्र कुमार को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के निदेशक राहुल सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह और प्रसार प्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा आरएन सिंह, मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह, सीनियर एग्जीक्यूटिव अभिषेक ने जैलेंद्र कुमार को प्रमाणपत्र सौंपा।

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

ADARSH ACADEMY
Let's Start From Zero to Reach Infinity
AADHAR VII TO X JAC /CBSE/ICSE
XI & XII JAC /CBSE/ICSE
B.Sc. Mathematics (All Semesters)
JEE/NEET
ADMISSION OPEN
For Demo Visit Our Youtube Channel ADARSH ACADEMY RANCHI
8789921216, 7061333946
Plaza Chowk: Opp. Mahila Polytechnic College, Ranchi.
Sujata Chowk: 2nd Floor, City Centre, Opp. Gossner College, Ranchi.

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agricultural/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

NEW LIFE CLINIC
ALL MEDICAL SPECIALISTS ARE AVAILABLE HERE
PEDIATRICIAN (शिशु रोग विशेषज्ञ)
GYNECOLOGIST (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
PHYSICIAN (सामान्य रोग विशेषज्ञ)
PHYSIOTHERAPIST (फिजियोथेरेपिस्ट)
हमारे यहाँ सभी प्रकार के टीकाकरण एवं खून जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
HOME COLLECTION ALSO AVAILABLE
9102350010, 6202354863, 6294931155
Ground Floor, Gajsagar Complex Near State Bank of India, Kokar

ACME COACHING
Classes For
+2 / I.Com. Accts, Eco., B.St.
B.Com. All Sem.
C.A./C.S. Foundation
Our Top Achievers (2025 Exams)
Home Tutions Also Available
Address Santipuram Colony, Chesire Home Road, Dipatoli, Ranchi
Mob.: 8210990620 / 9835120846

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD.:-FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी
कम लागत
कम खरखाव
लाइसेंस मुक्त
एक साल की वारंटी
60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar
B.Sc, B.D.S
M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses
ADCA / DTP / C++
A+ / JAVA / PYTHON ect.
HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GST
D-4 MONTH
GET JOB
MONEY BACK

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय माँ वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, राँची-834001
9431585446 | 7903633179

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009

ADMISSION OPEN
50% OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU
(NEAR JATRA MAIDAN)
KANKE, RANCHI (JH.)
834006
CONTACT NO.
REGISTER NOW
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर राँची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**